अन्वयार्थ—(एकस्य सूक्ष्मः) एक नय से जीव सूक्ष्म है (परस्य तथा न) दूसरे नय से जीव सूक्ष्म नहीं है (चिति द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ऐसे चैतन्य में दो नयों के दो पक्षपात हैं (इति) इस तरह (यः) जो (तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातः) तत्त्व को जानने वाला पक्षपात से रहित है (तस्य खलु चित् चित् नित्यं अस्ति) उसके निश्चय करके चैतन्य-आत्मा चैतन्य ही हमेशा है ॥३२॥

(उपजाति) ७८

एकस्यहेतु न तथा परस्य—
चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्ववेदी च्युतपक्षपात—
स्तस्यास्ति नित्यं खलुचिच्चिदेव ॥३३॥

अन्वयार्थ—(एकस्य हेतुः) एक नय से हेतु है (परस्य तथा न) दूसरे नय से हेतु नहीं है (इति चिति द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ऐसे ये

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चैतन्य में दो नयों के दो पक्षपात हैं (इति) इस तरह (यः) जो (तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातः) तत्त्व को जानने वाला पक्षपात से रहित है (तस्य खलु चित चित् नित्यं अस्ति) उसके निश्चय करके चैतन्य-आत्मा चैतन्य ही हमेशा है ॥३३॥

(उपजाति) ७६

एकस्यकार्यं न तथा परस्य—
चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्ववेदी च्युतपक्षपात—
स्तस्यास्ति नित्यं खलुचिच्चिदेव ॥३४॥

अन्वयार्थ—(एकस्य कार्यं) एक नय से कार्य है (परस्य तथा न) और दूसरे नय से कार्य नहीं है (इति चिति द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ये चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं (इति) इस तरह (यः) जो (तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातः) तत्त्व को जाननें वाला पक्षपात से रहित है (तस्य खलु चित् चित् नित्यं अस्ति) उसके निश्चय करके चैतन्य-आत्मा चैतन्य ही हमेशा है ॥३४॥

(उपजाति) ८०

एकस्यभावो न तथा परस्य—
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्ववेदी च्युतपक्षपात—
स्तस्यास्ति नित्यं खलुचिच्चिदेव ॥३५॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(एकस्य भावः) एक नय से भाव है (परस्य तथा न) दूसरे नय से भाव नहीं है (इति चिति द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ये चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं (इति) इस तरह (यः) जो (तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातः) तत्त्व को जानने वाला पक्षपात से रहित है (तस्य खलु चित् चित् नित्यं अस्ति) उसके निश्चय करके चैतन्य-आत्मा चैतन्य ही हमेशा है ॥३५॥

(उपजाति) ८१

एकस्यचैको न तथा परस्य—
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्ववेदी च्युतपक्षपात—
स्तस्यास्ति नित्यं खलुचिच्चिदेव ॥३६॥

अन्वयार्थ—(एकस्य जीव एकः) एक नय से जीव एक है (परस्य तथा न) दूसरे नय से अनेक है (इति चिति द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ये चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं (इति) इस तरह (यः) जो (तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातः) तत्त्व को जानने वाला पक्षपात से रहित है (तस्य खलु चित् चित् नित्यं अस्ति) उसके निश्चय करके चैतन्य आत्मा चैतन्य ही हमेशा है ॥३६॥

(उपजाति) ८२

एकस्य सांतो न तथा परस्य—
चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्ववेदी च्युतपक्षपात—
स्तस्यास्ति नित्यं खलुचिच्चिदेव ॥३७॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(एकस्य शांतः) एक नय से शांत (अंतसहित) है (परस्य तथा न) दूसरे नय से अन्तसहित नहीं है (इति चिति द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ये चैतन्य में दो नयों के दो पक्षपात हैं (इति) इस तरह (यः) जो (तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातः) तत्त्व को जानने वाला पक्षपात से रहित है (तस्य खलु चित् चित् नित्यं अस्ति) उसके निश्चय चैतन्य-आत्मा चैतन्य ही हमेशा है ॥३७॥

(उपजाति) ८३

एकस्य नित्यो न तथा परस्य—
चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्त्ववेदी च्युतपक्षपात—
स्तस्यास्ति नित्यं खलुचिच्चिदेव ॥३८॥

अन्वयार्थ—(एकस्य नित्यः) एक नय से जीव नित्य है (परस्य तथा न) दूसरे नय से जीव नित्य नहीं है (इति चिति द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ये चैतन्य में दो नयों के दो पक्षपात हैं (इति) इस तरह (यः) जो (तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातः) तत्त्व को जानने वाला पक्षपात से रहित है (तस्य खलु चित् चित् नित्यं अस्ति) उसके निश्चय चैतन्य-आत्मा चैतन्य ही हमेशा है ॥३८॥

(उपजाति) ८४

एकस्य वाच्यो न तथा परस्य—
चितिद्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यस्तत्ववेदी च्युतपक्षपात—

स्तस्यास्ति नित्यं खलुचिच्चिदेव ॥३९॥

अन्वयार्थ—(एकस्य वाच्यः) एक नय से जीव वाच्य (वचन से कहने में आवे है (परस्य तथा न) दूसरे नय से वचनागोचर कहने में नहीं आवे है (इति चिति द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ये चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं (इति) इस तरह (यः) जो (तत्त्ववेदी च्युत-पक्षपातः) तत्त्व को जानने वाला पक्षपात से रहित है (तस्य खलु चित् चित् नित्यं अस्ति) उसके निश्चय करके चैतन्य- आत्मा चैतन्य ही हमेशा है ॥३९॥

(उपजाति) ८५

एकस्य नाना न तथा परस्य—

चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।

यस्तत्ववेदी च्युतपक्षपात—

स्तस्यास्ति नित्यं खलुचिच्चिदेव ॥४०॥

अन्वयार्थ—(एकस्य नाना) एक नय से नाना रूप है (परस्य तथा न) दूसरे नय से नाना रूप नहीं है (इति चिति द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ऐसे ये चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं (इति) इस तरह (यः) जो (तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातः) तत्व को जानने वाला पक्षपात से रहित है (तस्य खलु चित् चिदेव नित्यं अस्ति) उसके निश्चय करके चैतन्य-आत्मा चैतन्य ही हमेशा है ॥४६॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(उपजाति) ८६

एकस्य चेत्यो न तथा परस्य—
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्ववेदी च्युतपक्षपात—
स्तस्यास्ति नित्यं खलुचिच्चिदेव ॥४१॥

अन्वयार्थ—(एकस्य चेत्यः) एक नय से चेत्य अर्थात जानने योग्य है और (परस्य तथा न) दूसरे नय से जानने योग्य नहीं है (इति चिति द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ऐसे ये चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं (इति) इस तरह (यः) जो (तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातः) तत्त्व को जानने वाला पक्षपात से रहित है (तस्य खलु चित् चित् नित्यं अस्ति) उसके निश्चय करके चैतन्य-आत्मा चैतन्य ही हमेशा है ॥४१॥

(उपजाति) ८७

एकस्य दृश्यो न तथा परस्य—
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्ववेदी च्युतपक्षपात—
स्तस्यास्ति नित्यं खलुचिच्चिदेव ॥४२॥

अन्वयार्थ—(एकस्य दृश्यः) एक नय से दृश्य (देखने योग्य) है (परस्य तथा न) दूसरे नय से देखने में नहीं आता (इति चिति द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ऐसे ये चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं (इति) इस तरह (यः) जो (तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातः) तत्त्व को जानने वाला

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

पक्षपात से रहित है (तस्य खलु चित् चिदेव नित्यं अस्ति) उसके निश्चय करके चैतन्य आत्मा चैतन्य ही हमेशा है ॥४२॥

(उपजाति) ८८

एकस्य वेद्यो न तथा परस्य—
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्ववेदी च्युतपक्षपात—
स्तस्यास्ति नित्यं खलुचिंच्चिदेव ॥४३॥

अन्वयार्थ—(एकस्य वेद्यः) एक नय से वेद्य (वेदने योग्य) है (परस्य तथा न) दूसरी नय से वेदने में नहीं आता (इति चिति द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ऐसे चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं (इति) इस तरह (यः) जो (तत्त्ववेदी च्युतपक्षपातः) तत्त्व को जानने वाला पक्षपात से रहित है (तस्य खलु चित् चिदेव नित्यं अस्ति) उसके निश्चय करके चैतन्य-आत्मा चैतन्य ही हमेशा है ॥४३॥

(उपजाति) ८६

एकस्य भातो न तथा परस्य—
चिति द्वयोर्द्वाविति पक्षपातौ ।
यस्तत्ववेदी च्युतपक्षपात—
स्तस्यास्ति नित्यं खलुचिच्चिदेव॥४४॥

अन्वयार्थ—(एकस्य भातः) एक नय से वर्तमान प्रत्यक्ष है और (परस्य तथा न) दूसरे नय से वर्तमान प्रत्यक्ष नहीं है (इति चिति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

द्वयोः द्वौ पक्षपातौ) ऐसे ये चैतन्य में दोनों नयों के दो पक्षपात हैं और (यः तत्त्ववेदी) जो तत्त्व वेदी हैं वह स्वरूप को यथार्थ अनुभव करने वाले हैं (तस्य चिति चिदेव नित्यं खलु) उनका चिन्मात्र भाव है वह चिन्मात्र ही है (च्युतपक्षपातः) पक्षपात से रहित है ॥४४॥

(वसंततिलका) ६०

स्वेच्छासमुच्छलदनल्पविकल्पजाला—
मेवं व्यतीत्य महतीं नयपक्षकक्षां ।
अंतर्वहिः समरसैकरसस्वभावं—
स्वं भावमेकमुपयात्यनुभूतिमात्रं ॥४५॥

अन्वयार्थ—(यः तत्त्ववेदी) जो आत्मा तत्त्व को जानने वाला है (सः एवं) वह पूर्वोक्त प्रकार से (स्वेच्छा समुच्छलदनल्पविकल्प-जालां) अपनी इच्छा से उठ रहे हैं अनेक विकल्पों के जाल जिसमें ऐसी (महतीं) बड़ी भारी (नयपक्षकक्षाम्) नयपक्ष रूपी वन को (व्यतीत्य) उल्लंघन कर (अन्तर्वहिः समरसैकरसस्वभावं) अन्तरंग और वहिरंग में समता रस ही है एक रस रूप स्वभाव जिसका ऐसे (स्वं अनुभूतिमात्रं) अपनी अनुभूति रूप (एकं भावं उपयाति) एक अद्वितीय भाव को प्राप्त करता है ॥४५॥

(रथोद्धता) ६१

इन्द्रजालमिदमेवमुच्छल—
त्पुष्कलोच्चलविकल्पवीचिभिः ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यस्य विस्फुरणमेव तत्क्षणं—
कृत्स्नमस्यति तदस्मिचिन्महः ॥४६॥

अन्वयार्थ—(यः तत्त्ववेदी) जो तत्त्व को जानने वाला है (सः एव अनुभवति) वह ही ऐसा अनुभव करता है (यत्) जो (अहं) मैं (चिन्महः अस्मि) चैतन्य तेज रूप हूँ (तत्) वह चैतन्यात्मक तेज (पुष्कलोच्चलविकल्पवीचिभिः) परिपुष्ट चंचल विकल्परूप तरंगों से एवं उच्छलति) इस तरह उठते हुए (इदं कृत्स्नम् इन्द्रजालं) इस सम्पूर्ण इन्द्र जाल को (यस्य विस्फुरणं) जिसकी चंचलता (तत् क्षण एव अस्यति) उसी समय ही दूर कर देती है ॥४६॥

(स्वागता) ६२

चित्स्वभावभरभावितभावाभावभावपरमार्थतयैकं।
वन्धपद्धतिमपास्यसमस्तांचेतयेसमयसारमपारं ४७

अन्वयार्थ—(अहं चित्वभावभरभावितभावाभावभावपरमार्थ-तया)चैतन्य स्वभाव के समूह से भावित भाव अभावस्वरूप भावरूप परमार्थपने से (समस्तां वंधपद्धतिं) सम्पूर्ण वंध की पद्धति को (अपास्य) दूर कर (एकं अपारं समयसारं चेतये) एक अपार समयसार को अनुभव करता हूं ॥४७॥

(शार्दूलविक्रीड़ित) ६३

आक्रामन्नविकल्पभावमचलं पक्षैर्नयानांविना
सारोयःसमयस्यभाति निभृतैरास्वाद्यमानः स्वयं ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विज्ञानैक रसः सएष भगवान् पुण्यः पुराणः पुमान्
ज्ञानंदर्शनमप्ययकिमथवा यत्किंचनैकोऽप्ययम्॥४८

अन्वयार्थ—(यः नयानां) जो नयों के (पक्षैः विना) पक्षों के विना (अचलं) अविचल (अविकल्पभावं) निर्विकल्प भाव को (आक्रामत निभृतैः) प्राप्त करता हुआ निश्चिन्त पुरुषों से (स्वयं) स्वतः (आस्वाद्यमानः) अनुभूयमान (समयस्य सारः) आत्मा का सार (भाति) शोभित होता है (सः) वह (विज्ञानैकरसः) विज्ञान ही है एक रस जिसका (एषः) यह (भगवान् पुण्यः पुराणः) भगवान पवित्र पुराण (पुमान्) पुरुष (अयं ज्ञानं) यह ज्ञान (अपि) और (दर्शनं) दर्शन (अथवा किं) और तो क्या (यत् किंचन) जो कुछ (अपि) भी है (सः अयं एकः) वह यह एक आत्मा ही है ॥४८॥

(शार्दूलविक्रीड़ित) ६४

दूरं भूरि विकल्पजालगहने भ्राम्यन्निजौघाच्युतो
दूरादेव विवेकनिम्नगमनान्नीतोनिजौघं वलात्
विज्ञानैकरसस्तदेकरसिनामात्मानमात्मा हरन्
नात्मन्येव सदागतानुगतता मायात्ययंतोयवत्॥४९

अन्वयार्थ—(अयं आत्मा) यह आत्मा (निजौघात्च्युतः) अपने ज्ञान घन स्वभाव से च्युत हुआ (भूरिविकल्पजालगहने) महान विकल्प जाल रूपी वन में (दूरं) अनादि काल से (भ्राम्यन्) घूमता हुआ (विवेकनिम्नगमनात्) विवेक रूप नीचे मार्ग में गमन करने से (वलात्) वल पूर्वक (दूरादेव) दूर से ही (निजौघं) अपने ज्ञान घन स्वभाव को (नीतः) प्राप्त हुआ (विज्ञानैकरसः) विज्ञान ही है एक रस

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

जिसका ऐसा (तदेकरसिनां) विज्ञान रूप एक रस ले पुरुषों के (आत्मानं तोयवत्) आत्मा को जल के समान (आत्मनिएवहरन्) आत्मा में ही मिलाता हुआ (सदागतानुगततां) निरंतर देखादेखीपने को (याति) प्राप्त करता है ॥४६॥

(अनुष्टुप) ६५

विकल्पकः परं कर्ता विकल्पः कर्म केवलं।
न ज़ातु कर्तृकर्मत्वं स विकल्पस्य नस्यति ॥५०॥

अन्वयार्थ—(विकल्पकः परं कर्ता अस्ति) विकल्प करने वाला ही कर्ता है, (विकल्पः केवलं कर्म अस्ति) विकल्प ही कर्म है (सविकल्पस्य कर्तृकर्मत्वं) विकल्पवान के कर्ता कर्मपना (जातु न नश्यति) कभी भी नाश को प्राप्त नहीं होता ॥५०॥

(रथोद्धता) ६६

यः करोति स करोति केवलं—
यस्तु वेत्ति स तु वेत्ति केवलं।
यः करोति न हि वेत्ति स क्वचित्—
यस्तु वेत्ति न करोति सक्वचित् ॥५१॥

अन्वयार्थ—(यः) जो (करोति) कर्ता है (सः केवलं करोति) वह केवल कर्ता ही है (तु) और (यः) जो (वेत्ति) जानता है (सः) वह (तु) तो (केवलं) केवल (वेत्ति एव) जानता ही है (यः) जो (करोति) कर्ता है (सः) वह (हि) निश्चय से (क्वचित् न वेत्ति) कुछ भी नहीं जानता (तु) और (यः वेत्ति) जो जानता है (सः) वह (क्वचित् न करोति) कुछ भी नहीं करता है ॥५१॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(इन्द्रवज्रा) ६७

ज्ञप्तिः करोतौ न हि भासतेऽन्त—
ज्ञप्तौ करोतिश्च न भासतेऽन्तः ।
ज्ञप्तिः करोतिश्च ततोविभिन्ने—
ज्ञाता न कर्तेति ततः स्थितंच ॥५२॥

अन्वयार्थ—(करोतौ) करोति क्रिया में(ज्ञप्तिः) जानने रूप क्रिया (हि) निश्चय से (अंतः) अन्तरंग में (न) नहीं (भासते) प्रतिभाषित होती है (ज्ञप्तौ करोतिः) जानने रूप क्रिया में करने रूप क्रिया (अंतः न भासते) अन्तरंग में नहीं प्रतिभाषित होती है (ततः ज्ञप्तिः) इसलिये जानना (च) और (करोति) करना (विभिन्ने) अत्यंत भिन्न-भिन्न हैं (ततः) इसलिये (ज्ञाता) जानने वाला (कर्ता) करने वाला (न स्यात्) नहीं हो सकता (इतिस्थितं) ऐसा स्थित हुआ ॥५२॥

(शार्दूलविक्रीड़ित) ६८

कर्ता कर्मणि नास्ति, नास्तिनियतं कर्मापितत्कर्तरि
द्वन्द्वं विप्रतिषिध्यतेयदि तदाका कर्तृकर्मस्थितिः
ज्ञाता ज्ञातरि कर्मकर्मणि सदा व्यक्तेतिवस्तुस्थितिः
नेपथ्येवत नानटीतिरभसामोहस्तथाप्येषकिं।५३।

अन्वयार्थ—(कर्ता) कर्ता (कर्मणि) कर्म में (नियतं नास्ति) निश्चय से नहीं है (तत्) इसलिये (कर्तरि) कर्ता में (कर्मअपि नास्ति)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कर्म भी नहीं है (यदि द्वंद्वं) यदि दोनों (विप्रतिषिध्यते) विशेष रूप से निषेध किये जाते हैं (तदा कर्तृ कर्म स्थिति) तो कर्ता और कर्म की स्थिति (का) कैसी (ज्ञाता) जानने वाला (ज्ञातरि) ज्ञान में (सदा अस्ति) हमेशा रहता है (कर्म) कर्म (कर्मणि) कर्म में (सदा अस्ति) हमेशा रहता है (इति) इस प्रकार (वस्तुस्थितिः) वस्तु की मर्यादा (व्यक्ता) स्पष्ट हुई (तथापि) तो भी (एषः मोहः) यह मोह (रभसा नेपथ्ये) शीघ्र श्रृंगारागार में (किं नानटीति) क्यों बार बार नाचता है (इति वत्) यह खेद है ॥५३॥

(मंदाक्रान्ता) ६६

कर्ता कर्ता भवति न यथा कर्म कर्मापि नैव
ज्ञानं ज्ञानं भवति च यथा पुद्गलः पुद्गलोऽपि
ज्ञानज्योतिर्ज्वलितमचलं व्यक्तमन्तस्तथोच्चै
श्चिच्छक्तीनांनिकरभरतोऽत्यन्तगम्भीरमेतत्।५४

अन्वयार्थ—(यथा) जैसे आत्मा अज्ञान अवस्था में (कर्ता) विभाव भावों का कर्ता (आसीत्) था (तथा) तैसे (इदानीं) इस समय अज्ञान भावों का (कर्ता न अस्ति) करने वाला नहीं है (यथा) जैसे जीव के अज्ञान से जो पुद्गल कर्म द्रव्य कर्म रूप (आसीत्) था (सः) वह पुद्गल (इदानीं) इस समय (कर्म) द्रव्य कर्म रूप (न भवति) नहीं होता (यथा) जैसे (ज्ञानं) ज्ञान (ज्ञानं एव) ज्ञान ही (भवति) होता है (तथा) वैसे (पुद्गलः अपि) पुद्गल भी (पुद्गलः भवति) पुद्गल होता है (तथा) वैसे ही (अंतः) अन्तरंग में (उच्चैश्चिच्छक्तीनां) महान चैतन्य शक्तियों के (निकरभरतः) समुदाय के भार से (अत्यंत-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

गंभीरं) अत्यंत गंभीर (एतत् अचलं) यह निश्चल (ज्ञानज्योति व्यक्तं ज्वलित) ज्ञान रूपी प्रकाश स्पष्ट रूप से प्रकाशित हुआ ॥५४॥

॥अथ पुण्यपापाधिकारः प्रारभ्यते॥४॥

(द्रुतविलंबित) १००

तदथ कर्म शुभाशुभभेदतो—
द्वितयतांगतमैक्यमुपानयन् ।
ग्लपितनिर्भरमोहरजा अयं
स्वयमुदेत्यव वोधसुधाप्लवः ॥१॥

अन्वयार्थ—(अथ) इसके बाद अर्थात कर्ता कर्म अधिकार के पश्चात (अयं ग्लपितनिर्भरमोहरजा) यह नाश कर दिया है मोह रूपी महान रज को जिसने ऐसा (अववोधसुधाप्लवः) सम्यग्ज्ञान रूपी चन्द्रमा (स्वयं शुभाशुभभेदतः) खुद शुभ और अशुभ अर्थात पुण्य पाप के भेद से (द्वितयतां) दो भेदपने को (गतं) प्राप्त हुए (तत्कर्म) उस कर्म की (ऐक्यं उपनयन् उदेति) एकता को प्राप्त करता हुआ उदय होता है ॥१॥

(मंदाक्रान्ता) १०१

एको दूरात्यजति मदिरां ब्राह्मणत्वाभिमाना—
दन्यः शूद्रः स्वयमहमिति स्नाति नित्यं तयैव ।
द्वावप्येतौ युगपदुदरान्निर्गतौ शूद्रिकायाः—
शूद्रौ साक्षादथ च चरतो जातिभेदभ्रमेण ॥२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(शूद्रिकायाः उदरात्) शूद्री के उदर से (युगपत् निर्गतौ) एक साथ में जन्मे (द्वौ) दो (एतौ) ये (शूद्रौअपि) शूद्र भी (एकः ब्राह्मणत्वाभिमानात्) एक ब्राह्मणपने के अभिमान से (मदिरां) मदिरा को (दूरात्) दूर से (त्यजति) छोड़ता है (अन्यः अहं शूद्रः अस्मि) दूसरा मैं शूद्र हूं (इति स्वयं नित्यं तया एव स्नाति) इसलिये खुद हमेशा उस मदिरा से ही स्नान करता है (साक्षात् जाति भेदभ्रमेण चरतः) प्रत्यक्ष जाति के भेद के भ्रम से आचरण करता है ॥२॥

(उपजाति) १०२

हेतुस्वभावानुभवाश्रयाणां—
सदाप्यभेदान्नहि कर्मभेदः ।
तद्बंधमार्गाश्रितमेकमिष्टं—
स्वयं समस्तं खलु वंधहेतुः ॥३॥

अन्वयार्थ—(हेतुस्वभावानुभवाश्रयाणां) हेतु, स्वभाव, अनुभव और आश्रय के (सदा अभेदात्) हमेशा अभेद होने से (हि कर्मभेद नास्ति) निश्चय कर कर्म भेद नहीं है (तत्) इसलिये (वंधमार्गाश्रितं) वंध मार्ग के आश्रित (कर्म स्वयं समस्तं वंधहेतुः) कर्म खुद सम्पूर्ण वंध का कारण (खलु इष्टं) निश्चय से इष्ट है ॥३॥

(स्वागता) १०३

कर्मसर्वमपि सर्वविदोय—
द्बंधसाधन मुशन्त्यविशेषात् ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तेनसर्वमपि तत्प्रतिषिद्धं—
ज्ञानमेव विहितं शिवहेतुः ॥४॥

अन्वयार्थ—(सर्वविदः) सर्वज्ञदेव (सर्वं कर्म) सम्पूर्ण शुभ अशुभ कर्म को (यत् अविशेषात्) जिसका कारण सामान्य रूप से (वंधसाधनंउशन्ति) वंध का साधन कहते हैं (तेन) तिस कारण से (तत्) वह (सर्वं अपि) सम्पूर्ण कर्म भी (प्रतिषिद्धं) निषिद्ध रूप हुआ (ज्ञानं एव शिवहेतुः विहितं) ज्ञान ही शिवहेतु कहिये मोक्ष का कारण स्थित हुआ ॥४॥

(शिखरणी) १०४

निषिद्धे सर्वस्मिन् सुकृतदुरिते कर्मणि किल
प्रवृत्ते नैष्कर्म्ये न खलुः मुनयः सन्त्यशरणाः ।
त:ा ज्ञाने ज्ञानं प्रतिचरितमेषां हि शरणं
स्वयंविन्दन्त्येते परमममृतं तत्रनिरतः ॥५॥

अन्वयार्थ—(सर्वस्मिन्) समस्त (सुकृतदुरिते) पुण्य और पाप रूप (कर्मणि) कर्म के (निषिद्धे) निषेध किये जाने पर (किल) निश्चय से (नैष्कर्म्ये) कर्मरहित अर्थात् निवृत्ति के (प्रवृत्ते) प्रवर्तित होने पर (खलु) निश्चय से (मुनयः) मुनिजन (अशरणाः) शरणरहित (न संति) नहीं हो सकते (तदा) उस समय (एषां) इन मुनिजनों के (ज्ञाने) ज्ञान में (प्रति चरितं) आचरण किया गया (ज्ञानं) ज्ञान ही (शरणं भवति) शरण होता है (तत्र) उस ज्ञान में (निरतः) संलग्न (एते) ये मुनिजन (स्वयं) स्वतः (परमम्) श्रेष्ठ (अमृतं) अमृत को (विंदन्ति) प्राप्त करते हैं ॥५॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(शिखरणी) १०५

यदेतत् ज्ञानात्मा ध्रुवमचलमाभाति भवन—
शिवस्याय हेतुः स्वयमपि यतस्तच्छिव इति ।
अतोऽन्यद्बन्धस्य स्वमपि यतो बन्ध इति तत्-
ततो ज्ञानात्मत्वं भवनमनुभूतिर्हि विहितं ॥६॥

अन्वयार्थ—(यत्) जो (एतत्) यह (ज्ञानात्मा) ज्ञानरूप आत्मा (ध्रुवं अस्ति) ध्रुव है (तत् अचलं) वह निश्चल (आभाति) शोभित होता है (अयं) यह ज्ञान स्वरूप आत्मा (शिवस्य भवनं) मोक्ष का होना रूप (हेतुः) कारण (अस्ति) है (यतः) क्योंकि (स्वयं) खुद आत्मा ही (शिवःअस्ति) मोक्ष रूप है (इति) इसलिए(अतःअन्यत्) इस आत्मा से अत्यन्त भिन्न (वंधस्य) वंध का कारण है (यतः) क्योंकि (स्वयं) खुद वह भिन्न पदार्थ वंधः अस्ति) वंध रूप है (इति) इसलिए (ज्ञानात्मत्वं) ज्ञानरूप (भवनं) होना (हि) निश्चय से (अनुभूतिः) अनुभूति है (ततः) तिस कारण से (तत्) उस वंध का और मोक्ष का विधान (विहितं) किया गया है ॥६॥

(अनुष्टुप) १०६

वृत्तं ज्ञानस्वभावेन ज्ञानस्य भवनं सदा ।
एकद्रव्यस्वभावत्वान्मोक्षहेतुस्तदेव तत् ॥७॥

अन्वयार्थ—(ज्ञानस्वभावेन) ज्ञानरूप स्वभाव से (वृत्तं) प्रवर्तना (सदा) सर्वदा (ज्ञानस्य भवनं) ज्ञान का होना (अस्ति) है (तत्) वह ज्ञान स्वभाव (एकद्रव्यस्वभावत्वात्) एक आत्मद्रव्य का स्वभाव होने से (तदेव मोक्षहेतुःअस्ति) वह ज्ञान ही मोक्ष का हेतु है ॥७॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(अनुष्टुप) १०७

वृत्तं कर्मस्वभावेन ज्ञानस्य भवनं न हि।
द्रव्यान्तरस्वभावत्वान्मोक्षहेतुर्न कर्म तत् ॥८॥

अन्वयार्थ—(कर्मस्वभावेन) कर्म रूप स्वभाव से (वृत्तं अस्ति) वर्तना है (तत्) वह (ज्ञानस्य भवनं) ज्ञान का होना (हि) निश्चय से (न) नहीं है (तत् कर्म) वह कर्म स्वभाव (द्रव्यान्तरस्वभावत्वात्) आत्मा से भिन्न द्रव्य का स्वभाव होने से (मोक्षहेतुः) मोक्ष का कारण (न) नहीं है ॥८॥

(अनुष्टुप्)१०८

मोक्षहेतुतिरोधानाद्बन्धत्वात्स्वयमेव च।
मोक्षहेतुतिरोधायिभावत्वात्तन्निषिध्यते ॥६॥

अन्वयार्थ—(मोक्षहेतुतिरोधानात्) मोक्ष के कारण को रोकने से (च) और (स्वयमेव) खुद (बंधत्वात्) बंधरूप होने से (मोक्ष हेतुतिरोधायिभावत्वात्) मोक्ष के कारणों को रोकने रूप स्वभाव वाला होने से (तत्) वह कर्म (निषिध्यते) निषेध किया जाता है ॥६॥

(शार्दूलविक्रीडित) १०६

संन्यस्तव्यमिदं समस्तमपि तत्कर्मैवमोक्षार्थिना।
सन्यस्ते सति तत्र का किल कथा पुण्यस्यपापस्यवा
सम्यक्त्वादिनिजस्वभावभवनान्मोक्षस्य हेतुर्भवत्
नैष्कर्मप्रतिबद्धमुद्धतरसं ज्ञानं स्वयंधावति ॥१०

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(मोक्षार्थिना)मोक्ष के चाहने वालों को(इदं)यह(समस्तं-अपि कर्म)सम्पूर्णकर्म(सन्यस्तव्यम् एव)छोड़ना ही चाहिए(तत्र)उस कर्म के (संन्यस्ते सति) छोड़ने पर(पुण्यस्य) पुण्य की (वा)अथवा(पापस्यं) पापकी (किल) निश्चय से (का कथा) क्या कथा (भवेत्) हो सकती है (सम्यक्त्वादिनिजस्वभावभवनात्) सम्यग्दर्शन आदि आत्म स्व-भाव होने से (मोक्षस्यहेतुः) मोक्ष का कारण (भवत्) होता हुआ (नैष्कमप्रतिवद्धं) कर्म रहित दशावान (उद्धतरसं) प्रगट रस वाला (ज्ञानं) ज्ञान (स्वयं धावति) स्वतः दौड़ आता है ॥१०॥

(शार्दूलविक्रीडित) ११०

यावत्पाकमुपैति कर्मविरतिर्ज्ञानस्य सम्यग्न सा।
कर्मज्ञानसमुच्चयोऽपि विहितस्तावन्न काचित्क्षतिः
क्त्वत्रापि समुल्लसत्य वशतो यत्कर्म वंधाय तत् ।
मोक्षायस्थितमेकमेव परमं ज्ञानं विमुक्तं स्वतः॥११

अन्वयार्थ—(यावत् पाकं) जब तक कर्म का उदय (उपैति) प्राप्त होता है (ज्ञानस्य) ज्ञान की (साकर्म विरतिः) वह कर्म शून्यता (सम्यङ्_न) सच्ची नहीं है (तावत्) तब तक (कर्मज्ञानसमुच्चयोपि) कर्म और ज्ञान का मेल भी (विहितः) कहा गया है (काचित्क्षतिः) इसमें कोई हानि (नास्ति) नहीं है (किन्तु) परन्तु (अत्रापि) यहां पर भी (अवशतः) आत्मा के वश के विना (यत्कर्म) जो कर्म (समुल्लसति) उदय को प्राप्त होता है (तत्) वह कर्म (वंधाय भवति) बंध के लिये होता है (स्वतः) स्वयं (विमुक्तं) छूटा हुआ (परमम्) श्रेष्ठ (एकं) एक (ज्ञानंएव) ज्ञान ही (मोक्षाय) मोक्ष के लिये (स्थितं)स्थित होता है॥११॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(शार्दूलविक्रीड़ित) १११

मग्नाः कर्मनयावलम्बनपरा ज्ञानं न जानन्ति यत्
मग्ना ज्ञाननयैषिणोऽपि यदति स्वच्छंदमंदोद्यमाः
विश्वस्योपरि ते तरन्ति सततं ज्ञानं भवन्तः स्वयं
ये कुर्वन्ति न कर्म जातु न वशं यान्ति प्रमादस्य च

अन्वयार्थ—(यत्) जो (कर्मनयावलम्बनपराः) कर्म नय के अवलम्बन में तत्पर हैं (ते मग्नाः) वे डूबे हुए हैं (ये ज्ञानं) जो ज्ञान को तो (न जानन्ति) नहीं जानते (ते ज्ञाननयैषिणाः अपि) वे ज्ञान नय के पक्षपाती होते हुए भी (मग्नाः) डूबे हुए हैं (यत्) जो (अतिस्वच्छंदमंदोद्यमाः) अत्यंत स्वच्छन्द हुए क्रियाकाण्ड में उद्यम नहीं करते वे भी डूबे हुए हैं (विश्वस्योपरि) विश्व के ऊपर (ते सततं) वे हमेशा (तरन्ति) तैरते हैं (ये स्वयं ज्ञानं भवन्तः) जो खुद ज्ञान रूप होते हुए (जातु) कभी भी (कर्म) कर्म को (न कुर्वन्ति) नहीं करते हैं (स्व) और (प्रमादस्य) प्रमाद के (वशं न यान्ति) वश को प्राप्त नहीं होते ॥१२॥

(मंदाक्रांता) ११२

भेदोन्मादं भ्रमरसभरान्नाटयत्पीतमोहं
मूलोन्मूलं सकलमपि तत्कर्म कृत्वा वलेन
हेलोन्मीलत्परमकलया सार्द्धमारब्धकेलि ।
ज्ञानज्योतिः कवलिततमः प्रोज्जजृम्भे भरेण।१३

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(पीतमोहं) पिया है मोह को जिसने (भ्रमरसभरात्) विपरीतता रूप रस के भार से (भेदोन्मादं) पुण्य और पाप रूप भेद के उन्माद को (नाटयत्) नचाने वाले (तत्सकलं अपि कर्म) उस सम्पूर्ण कर्म को (बलेन) बल पूर्वक (मूलोन्मूलंकृत्वा) जड़ से उखाड़ कर (हेलोन्मीलत्परमकलया) क्रीड़ा मात्र से प्रगट उत्कृष्ट कला के (सार्द्धम्) साथ (आरब्धकेलि) प्रारम्भ कर दिया है क्रीडा को जिसने (कवलित-तमः) एवं अज्ञान अंधकार को जिसने नाश कर दिया ऐसा (ज्ञानज्योतिः) ज्ञान रूपी महान तेज (भरेण प्रोज्जजृम्भे) अतिशय रूप से प्रगट हुआ ॥१३॥

॥ अथ आस्रवाधिकारः लिख्यते ॥

(द्रुतविलंवित) ११३

अथ महामदनिर्भरमन्थरं—
समररङ्गपरागतमास्रवं ।
अयमुदारगभीरमहोदयो—
जयतिदुर्ज्जयबोधधनुर्द्धरः ॥१॥

अन्वयार्थ—(अथ) इसके वाद (अयं) यह (उदारगंभीरमहोदयः) विशाल गंभीर और महान उदय वाला (दुर्ज्जयबोधधनुर्द्धरः) दुःख से जानने योग्य ज्ञान रूपी धनुर्धारी (महामदनिर्भरमन्थरं) महान अहंकार के भार से व्याप्त (समररंगपरागतं) युद्ध रूपी रंग भूमि में आये हुए (आस्रवं) आस्रव को (जयति) जीतता है ॥१॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(शालिनी) ११४

भावोरागद्वेषमोहैर्विना यो—
जीवस्य स्याद् ज्ञाननिवृत्त एव।
रुन्धन्सर्वान् द्रव्यकर्मास्रवौघा—
नेषो भावः सर्वभावास्रवाणाम् ॥२॥

अन्वयार्थ—(जीवस्य) जीव का (यः) जो (रागद्वेषमोहैः विना) राग-द्वेष और मोह के विना (ज्ञाननिर्वृत्तः) ज्ञान से रचा गया (भावः स्यात्) भाव होता है (एषः) यह (भावः एव) भाव ही (सर्वभावास्रवाणां) सम्पूर्ण भावास्रवों का (सर्वान्) सभी (द्रव्यकर्मास्रवौघान्) द्रव्य कर्मों के आस्रव रूप समूह को (रुन्धन्) रोकता हुआ (अभावः) अभाव रूप (स्यात्) होता है ॥२॥

(उपजाति) ११५

भावास्रवाभावमयंप्रपन्नो
द्रव्यास्रवेभ्यः स्वत एव भिन्नः।
ज्ञानी सदा ज्ञानमयैकभावो
निरास्रवो ज्ञायक एक एव ॥३॥

अन्वयार्थ—(भावास्रवाभावं) भावास्रव के अभाव को (प्रपन्नः) प्राप्त हुआ (अयं) यह (द्रव्यास्रवेभ्यः) द्रव्यास्रवों से (स्वतः एव भिन्नः) स्वयमेव भिन्न (अस्ति) है (सदा) निरन्तर (ज्ञानमयैकभावः) ज्ञान रूप

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

एक भाववान (निरास्रवः) आस्रव रहित (ज्ञायकः) जानने वाला (ज्ञानी एकः एव अस्ति) ज्ञानी एक ही है ॥३॥

(शार्दूलविक्रीडित) ११६

सन्न्यस्यन्निजबुद्धिपूर्वमनिशं रागं समग्रं स्वयम्
वारंबारमबुद्धिपूर्वमपि तं जेतुं स्वशक्तिं स्पृशन् ॥
उच्छिन्दन् परवृत्तिमेव सकलां ज्ञानस्यपूर्णोभवत् ।
नात्मानित्यनिरास्रवो भवतिहिज्ञानीयदास्यात्तदा४

अन्वयार्थ—(निजबुद्धिपूर्वं) अपनी बुद्धिपूर्वक (समग्रं) समस्त (रागं स्वयं) राग को खुद (अनिशं) निरंतर (सन्न्यस्यन्) हटाता हुआ (अबुद्धिपूर्वमपि) अबुद्धिपूर्वक ही (तं जेतुं) उस राग को जीतने के लिए (वारं वारं स्वशक्तिं) वार वार अपनी शक्ति को (स्पृशन्) स्पर्श करता हुआ (सकलां) समस्त (परवृत्तिं) पर परिणति को (उच्छिन्दन्) नाश करता हुआ (ज्ञानस्य पूर्णः) ज्ञान से पूर्ण [भवन्] होता हुआ (आत्मा यदा) आत्मा जब (नित्यनिरास्रवः) निरंतर आस्रव शून्य होता है (तदाहि) उस समय निश्चय से (ज्ञानीस्यात्) ज्ञानी होता है ॥४॥

(अनुष्टुप) ११७

सर्वस्यामेव जीवन्त्यां द्रव्यप्रत्ययसंततौ ।
कुतो निरास्रवो ज्ञानी नित्यमेवेतिचेन्मतिः॥५॥

अन्वयार्थ—(सर्वस्यांएव) सभी (द्रव्यप्रत्ययसंततौ) द्रव्यास्रव की संतति के (जीवन्त्यां) जीते हुए (ज्ञानी) ज्ञानी (नित्यं एव) नित्य ही

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(निरास्रवः) आस्रव रहित (कुतः स्यात्) कैसे हो सकता है (इति) ऐसी (चेत्) यदि (मतिः अस्ति) बुद्धि है (तर्हि) तो ॥५॥

(मालिनी) ११८

विजहति न हि सत्तां प्रत्ययाः पूर्वबद्धाः
समयमनुसरन्तो यद्यपि द्रव्यरूपाः ।
तदपिसकलरागद्वेषमोहव्युदासा—
दवतरति न जातु ज्ञानिनः कर्मबन्धः ॥६॥

अन्वयार्थ—(यद्यपि) यद्यपि (पूर्वबद्धाः) पहले अज्ञान अवस्था में बंध को प्राप्त हुए (द्रव्यरूपाः) द्रव्य रूप (प्रत्ययाः) आस्रव (समयं) अपनी कालकृत मर्यादा को (अनुसरन्तः) अनुसरण करते हुए (सत्तां) सत्ता को (हि) निश्चय से (न विजहति) नहीं छोड़ते (तदपि) तो भी (ज्ञानिनः) ज्ञानी के (कर्मबंधः) कर्मबंध (सकलरागद्वेषमोहव्युदासात्) सम्पूर्ण रागद्वेष मोह के निराकरण करने से (जातु) कभी (न अवतरति) नहीं होता है ॥६॥

(अनुष्टुप) ११९

रागद्वेषविमोहानां ज्ञानिनो यदसंभवः ।
तत एव न बंधोऽस्य ते हि बंधस्य कारणम् ॥७॥

अन्वयार्थ—(यत्) जिस कारण (ज्ञानिनः) ज्ञानी के (रागद्वेषविमोहानां) रागद्वेषविमोहका (असंभवः) असंभव (अस्ति) है (ततः) इस कारण से (एव) ही (अस्य) इस ज्ञानी के (ते) वे राग द्वेष मोह (हि) निश्चय से (बंधस्य कारणं न संति) बंध का कारण नहीं होते ॥७॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(वसंततिलका) १२०

अध्यास्य शुद्धनयमुद्धतबोधचिन्ह—
मैकाग्र्यमेव कलयन्ति सदैव ये ते।
रागादिमुक्तमनसः सततं भवन्तः—
पश्यन्ति बन्धविधुरं समयस्य सारं ॥८॥

अन्वयार्थ—(ये) जो ज्ञानी (शुद्धनयं) शुद्ध नय को (अध्यास्य) स्वीकार कर (सदैव) निरन्तर (उद्धतबोधचिन्हं) प्रगट हो गया है ज्ञान रूपी चिन्ह जिसका ऐसी (ऐकाग्र्य) एकाग्रता को (कलयन्ति) धारण करते हैं (तएव) वे ही (रागादिमुक्तमनसः) रागादि से शून्य चित्त वाले (भवन्तः) होते हुए (वंधविधुरं) बंध से रहित (समयस्य) समय के (सारं) सारको (सततं) हमेशा (पश्यन्ति) देखते हैं ॥८॥

(वसंततिलका) १२१

प्रच्युत्य शुद्धनयतः पुनरेव ये तु—
रागादियोगमुपयान्ति विमुक्तबोधाः।
ते कर्मबंधमिह विभ्रति पूर्ववद्ध—
द्रव्यास्रवैः कृतविचित्रविकल्पजालम् ॥९॥

अन्वयार्थ—(ये) जो ज्ञानी (शुद्धनयतः) निश्चयनय अर्थात् शुद्धनय से (प्रच्युत्य) गिरकर अर्थात् छूटकर (विमुक्तबोधाः) ज्ञानशून्य होते हुए (पुनरेव) फिर से (रागादियोगं) रागादि के सम्बन्ध को (उपयान्ति) प्राप्त करते हैं (ते) वे (इह) इस लोक में (पूर्ववद्धद्रव्यास्रवैः) पूर्व

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

बांधे हुए द्रव्यास्रवों से (कृत विचित्रविकल्पजालम्) किया गया है विभिन्न प्रकार का विकल्प समूह जिसमें ऐसे (कर्मबंधम् बिभ्रति) कर्म बंध को धारण करते हैं ॥९॥

(अनुष्टुप) १२२

इदमेवात्र तात्पर्य्यं हेयः शुद्धनयो न हि।
नास्ति वन्धस्तदत्यागात्तत्यागाद्बन्ध एव हि॥१०

अन्वयार्थ—(हि) निश्चय से (शुद्धनयः) शुद्धनय (हेयः) छोड़ने योग्य (न अस्ति) नहीं है (इदं) यह (एव) हां (अत्र) यहां (तात्पर्यं अस्ति) अभिप्राय है (हि) क्योंकि (तदत्यागात्) उस शुद्धनय के नहीं छोड़ने से (वंधःनास्ति) कर्मबंध नहीं होता है (तत्त्यागात्) उस शुद्ध निश्चयनय के छोड़ने से (वंधः) वंध (अस्ति एव) होता ही है ॥१०॥

(शार्दूलविक्रीडित) १२३

धीरोदारमहिम्न्यनादिनिधने बोधेनिवध्नन्धृतिम्।
त्याज्यःशुद्धनयो न जातुकृतिभिःसर्वंकषःकर्मणाम्
तत्रस्थाः स्वमरीचिचक्रमचिरात्संहृत्य निर्यद्वहिः।
पूर्णं ज्ञानघनौघमेकमचलं पश्यन्ति शान्तं महः।११

अन्वयार्थ—(कृतिभिः) ज्ञानियों द्वारा (धीरोदारमहिम्नि) अविचल और विशाल है महिमा जिसको (अनादिनिधने) अनादि और अन्त रहित ऐसे (बोधे धृतिम्) ज्ञान में धैर्य को (निवध्नन्) वांधता हुआ (कर्मणां सर्वंकषः) कर्मों का समूल से नाश करने वाला (शुद्धनयः)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

शुद्धनय (जातु) कभी भी (त्याज्य:) छोड़ने योग्य (न अस्ति) नहीं है (तत्रस्था) उस अविनश्वर ज्ञान में रहने वाले ज्ञानी पुरुष (वहि: निर्यत्) वाह्यपदार्थों में घूमने वाले (स्वमरीचिचक्रं संहृत्य) अपने ज्ञान विशेष को समेट कर (पूर्णं अचलं) परिपूर्ण निश्चल (ज्ञानघनौघं एकं शान्तं) ज्ञानघन के समूह रूप एक शान्तरस रूपी (मह:) तेज को (अचिरात् पश्यन्ति) तत्काल देखते हैं ॥११॥

(मंदाक्रांता) १२४

रागादीनां झगिति विगमात्सर्वतोऽप्यास्रवाणां
नित्योद्योतंकिमपि परमं वस्तु सम्पश्यतोऽन्त:
स्फारस्फारै: स्वरसविसरै: प्लावयत्सर्वभावा—
नालोकान्तादचलमतुलं ज्ञानमुन्मग्नमेतत्।१२।

अन्वयार्थ—(रागादीनां आस्रवाणां झगिति) रागादि आस्रवों के शीघ्र ही (सर्वत:) सब तरफ से (विगमात्) दूर हो जाने के कारण (नित्योद्योतं) सर्वदा प्रकाशमान (किमपि परमं) किसी भी श्रेष्ठ (वस्तु) पदार्थ को (अन्त:) अन्तरंग में (सम्पश्यत:) देखने वाले ज्ञानी को (स्फारस्फारै:) अनंतानंत (स्वरसविसरै:) अपने चैतन्य रस के विस्तार से (सर्वभावाद् आलोकान्तात्) समस्त पदार्थों को लोक पर्यंत (प्लावयत्) प्रकाशित करता हुआ (अचलं अतुलं) अचल अनुपम (एतत् ज्ञानम् उन्मग्नम्) यह ज्ञान प्रगट हुआ है ॥१२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

॥ अथ संवराधिकार लिख्यते ॥

(शार्दूलविक्रीडित) १२५

आसंसारविरोधिसंवरजयैकान्तावलिप्तास्रव
न्यक्कारात्प्रतिलब्धिनित्यविजयंसम्पादयत्संवरम्
व्यावृत्तंपररूपतोनियमितं सम्यक् स्वरूपे स्फुरत्
ज्योतिश्चिन्मयमुज्ज्वलंनिजरसप्राग्भारमुज्जृम्भते

अन्वयार्थ—(आसंसारविरोधिसंवरजयैकान्तावलिप्तास्रवन्यक्कारात्) अनादि संसार से विरोध करने वाले संवर की जय से एकान्त रूप से मद को प्राप्त हुए आस्रव के तिरस्कार करने से (प्रतिलब्धनित्य विजयं) प्राप्त कर लिया है हमेशा की जीत को जिसने ऐसे (संवरं संपादयत्) संवर को प्राप्त कराता हुआ (पररूपतः व्यावृत्तं) पर द्रव्य से प्रथक (स्वरूपे) निजरूप में (सम्यक्) भले प्रकार से (नियमितं) निश्चित (उज्ज्वलं) निर्मल (निजरसप्राग्भारं) आत्मरस का है बोझ जिसमें ऐसे (चिन्मयं) चैतन्य स्वरूप (स्फुरज्ज्योतिः) स्फुरायमान प्रकाश (उज्जृम्भते) उदय को प्राप्त हो रहा है ॥१॥

(शार्दूलविक्रीडित) १२६

चैद्रूप्यं जडरूपतां च दधतोः कृत्वाविभागं द्वयो-
रन्तर्दारुणदारणेन परितो ज्ञानस्य रागस्य च ॥
भेदज्ञानमुदेति निर्मलमिदं मोदध्वमध्यासिताः ।
शुद्धज्ञानघनौघमेकमधुनासन्तोद्वितीयच्युताः ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(चैद्रूप्यं) चेतनरूपता को (च) और (जड़रूपतां) अचेतनरूपता को (दधतोः) धारण करने वाले (द्वयोः) दोनो के (अंतः) अन्तरंग में (दारुणदारणेन) भयंकर विदारण से (परितः) सर्वथा (ज्ञानस्य) ज्ञान के (च) और (रागस्य विभागं) राग के विभाग को (कृत्वा) करके (निर्मलभेदज्ञानं) निर्मल भेद ज्ञान (उदेति) उदय को प्राप्त होता है (हे सन्ताः, हे सज्जनो (यूयं) तुम सब (द्वितीयच्च्युताः) पर पदार्थ से प्रथक हुए (अधुना) इस समय (एकं) अद्वितीय (शुद्धज्ञान घनौघम्) शुद्धज्ञान घन समूह रूप (इदं) इस भेद ज्ञान को (अध्यासिताः मोदध्वम्) प्राप्त हुए आनन्दित हो ॥२॥

(मालिनी) १२७

यदिकथमपि धारावाहिना बोधनेन ।
ध्रुवमुपलभमानः शुद्धमात्मानमास्ते ॥
तदयमुदयदात्माराममात्मानमात्मा ।
परपरिणतिरोधाच्छुद्धमेवाभ्युपैति ॥३॥

अन्वयार्थ - (यदि) यदि (धारावाहिना बोधनेन) धारावाही ज्ञान से (कथमपि) किसी भी तरह (ध्रुवं) निश्चल (शुद्धं आत्मानं) शुद्ध आत्मा को (उपलभमानः) प्राप्त करता हुआ (आत्मा आस्ते आत्मा हो (तत्) तो (अयं आत्मा) यह आत्मा (आत्मारामम्) आत्मीक रमण को (उदयत्) प्रगट कराते हुए (परपरिणतिरोधात्) परपरिणति के निरोध से (शुद्धं आत्मानं एव अभ्युपैति) शुद्ध आत्मा को ही प्राप्त करता है ॥३॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(मालिनी) १२८

निजमहिमरतानां भेदविज्ञानशक्त्या ।
भवतिनियतमेषां शुद्धतत्वोपलम्भः ॥
अचलितमखिलान्यद्रव्यदूरे स्थितानां ।
भवति सति च तस्मिन्नक्षयः कर्ममोक्षः ॥४॥

अन्वयार्थ—(भेदविज्ञानशक्त्या) भेद विज्ञान की शक्ति से (निजमहिमरतानां) अपनी महिमा में लीन (एषां शुद्धतत्त्वोपलम्भः) इन पुरुषों के शुद्ध तत्त्व की प्राप्ति (नियतं) निश्चितरूप से (भवति) होती है (अखिलान्यद्रव्यदूरे) सम्पूर्ण अन्य द्रव्यों से प्रथक (स्थितानां) स्थित रहने वाले इन पुरुषों के (अचलितं भवति) निश्चलता होती है (तस्मिन् सति) उस निश्चलता के होने पर (कर्ममोक्षः अक्षयः भवति] कर्मों का विनाश अविनाशी होता है ॥४॥

(उपजाति) १२६

सम्पद्यतेसंवरएव साक्षात्—
शुद्धात्म तत्वस्यकिलोपलंभात् ।
सभेदविज्ञानत एव तस्मात्—
तद्भेदविज्ञानमतीवभाव्यम् ॥

अन्वयार्थ—(किल) निश्चय से (शुद्धात्मतत्त्वस्य) शुद्ध आत्मतत्त्व के (उपलंभात्) प्राप्त होने से (साक्षात्) प्रगट रूप से (संवर:एव) संवर ही (सम्पद्यते) संपन्न होता है (सः) वह संवर (भेदविज्ञानतः) भेद विज्ञान से (एव भवति) ही होता है (तस्मात्) इस कारण से

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(भेद विज्ञानम्) भेद विज्ञान (अतीव) अतिशय रूप से (भाव्यं) होना चाहिए अर्थात् भाना चाहिए ॥५॥

(अनुष्टुप) १३०

भावयेद्भेदविज्ञानमिदमच्छिन्नधारया ।
तावद्यावत्पराच्च्युत्वा ज्ञानं ज्ञानेप्रतिष्ठते ॥६॥

अन्वयार्थ—(इदं) यह (भेदविज्ञानं) भेद विज्ञान (अच्छिन्नधारया) निर्बाध धाराप्रवाह से (तावत्) तब तक (भावयेत्) भाना चाहिए (यावत्) जब तक (ज्ञानं) ज्ञान (परात्) पर पदार्थ से (च्युत्वा) हटकर (ज्ञाने) ज्ञान में (प्रतिष्ठते) स्थित हो ॥६॥

(अनुष्टुप) १३१

भेदविज्ञानतः सिद्धाः सिद्धाः ये किल केचन ।
तस्यैवाभावतो बद्धा बद्धाः ये किल केचन ॥७॥

अन्वयार्थ—(किल) निश्चय से (ये) जो (केचन) कोई (सिद्धाः) सिद्ध हुए हैं (ते भेदविज्ञानतः) वे भेद विज्ञान से (सिद्धाः) सिद्ध हुए हैं (किल) निश्चय से (ये) जो (केचन) कोई भी (बद्धाः) बंधे हैं (ते) वे (तस्य) उस भेद विज्ञान के (अभावतः) अभाव से (एव) ही (बद्धाः) बंधे हैं ॥७॥

(मंदाक्रान्ता) १३२

भेदज्ञानोच्छलनकलनाच्छुद्धतत्वोपलंभात् ।
रागग्रामप्रलयकरणात्कर्मणां संवरेण ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

विभ्रत्तोषं परममलालोकमम्लानमेकं ।
ज्ञानं ज्ञाने नियतमुदितं शाश्वतोद्योतमेतत् ॥८॥

अन्वयार्थ—(भेदज्ञानोच्छलनकलनात्) भेद विज्ञान के प्रकाश को धारण करने से (शुद्धतत्त्वोपलंभात्) शुद्ध तत्त्व की प्राप्ति से (रागग्रामप्रलयकरणात्) राग समुदाय के विनाश करने से (कर्मणां संवरेण) कर्मों के संवर से (परं) श्रेष्ठ (तोषं) संतोष को (विभृत्) धारण करता हुआ (अमलालोकं) निर्मल है आलोक जिसका (शाश्वतोद्योतम्) निरन्तर है प्रकाश जिसका (एवंभूतं) ऐसा (अम्लानं) उज्वल (एतत) यह (एकं ज्ञानं) एक ज्ञान (ज्ञाने) ज्ञान में (नियतं) निश्चित (उदितं) प्रगट हुआ है ॥८॥

॥७॥ अथ निर्जराधिकार लिख्यते ॥

(शार्दूलविक्रीडित) १३३

रागाद्यास्रवरोधतोनिजधुरान्धृत्वापरः संवरः
कर्मागामिसमस्तमेवभरतो दूरान्निरुन्धन्स्थितः
प्राग्बद्धंतुतदेव दग्धमधुना व्याजृम्भतेनिर्जरा ।
ज्ञानज्योतिरपावृतं नहि यतो रागादिभिर्मूर्च्छति

अन्वयार्थ—(परः) श्रेष्ठ (संवरः) संवर (रागाद्यास्रवरोधतः) राग आदि आस्रवों के निरोध से (निजधुरां) अपनी शक्ति को (धृत्वा) धारण-कर (आगामि) भविष्य में आने वाले (समस्तं) सम्पूर्ण (कर्म) कर्म को (भरतः) अपनी शक्ति के द्वारा (दूरातएव) दूर से ही (निरुन्धन्) रोकता हुआ (स्थितः) स्थित (अस्ति) है (निर्जरा) निर्जरा (अधुना)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इस समय (प्राग्वद्धं) पूर्व में बांधे हुए (तदेव) उसी कर्म समूह को (दग्धं) नाश करने के लिए (व्याजृम्भते) तत्पर हो रही है (यतः) क्योंकि (रागादिभिः) रागद्वेषादि से (अपावृतं) प्रथक हुई (ज्ञानज्योति हि) ज्ञानरूपी ज्योति निश्चय से (रागादिभिः न मूर्च्छति) रागादिकों से लिप्त नहीं होती ॥१॥

(अनुष्टुप) १३४

तज्ज्ञानस्यैव सामर्थ्यं विरागस्यैव वा किल ।
यत्कोऽपि कर्मभिः कर्म भुंजानोऽपि न वध्यते।२

अन्वयार्थ—(किल) निश्चय से (यत्) जो (कर्म) कर्म को (भुँजानः) भोगता हुआ (अपि) भी (कर्मभिः) कर्मों से (न वध्यते) नहीं वंधता है (तत्) वह (ज्ञानस्यैव) ज्ञान की ही (वा) अथवा (विरागस्यैव) विरागता की ही (सामर्थ्यं अस्ति) शक्ति है ॥२॥

(रथोद्धता) १३५

नाश्नुते विषयसेवनेऽपियत्स्वं फलंविषयसेवनस्यना
ज्ञानवैभवविरागतावलात्सेवकोऽपि तदसावसेवकः

अन्वयार्थ—(यत्) जो (ना) मनुष्य (विषयसेवनेऽपि) विषयों के सेवन में लगा हुआ भी (विषयसेवनस्य) विषय सेवन के (स्वं) अपने (फलं) फलको (न अश्नुते) नहीं भोगता है (तत्) तो (असौ) वह (ज्ञानवैभवविरागतावलात्) ज्ञान के वैभव और विरागता के बल से (सेवकः अपि) विषयों का सेवक होता हुआ भी (असेवकः अस्ति) विषयों का सेवन करने वाला नहीं है ॥३॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(मंदाक्रान्ता) १३६

सम्यग्दृष्टेर्भवतिनियतं ज्ञानवैराग्यशक्तिः ।
स्वं वस्तुत्वं कलयितुमयं स्वान्यरूपाप्तिमुक्त्या ॥
यस्माज्ज्ञात्वा व्यतिकरमिदं तत्त्वतः स्वं परं च ।
स्वस्मिन्नास्ते विरमतिपरात्सर्वतोरागयोगात् ।४।

अन्वयार्थ—(सम्यग्दृष्टेः) सम्यग्दृष्टि जीव के (नियतं) निश्चय से (ज्ञानवैराग्यशक्तिः) ज्ञान और विरागता की सामर्थ (भवति) होती है (यस्मात्) क्योंकि (अयं) यह सम्यग्दृष्टि (स्वं) अपने (वस्तुत्वम्) यथार्थ स्वरूप को (कलयितु) सम्पादन करने के लिए (स्वान्यरूपाप्तिमुक्त्या) अपने स्वरूप की प्राप्ति और पर रूप की मुक्ति से (इदं) इस (व्यतिकरं) भेद को (तत्त्वतः) परमार्थ से (स्वम्) अपने को (च) और (परं) परको (ज्ञात्वा) जानकर (स्वस्मिन्) निजमें (आस्ते) स्थित होता है (परात्) पर पदार्थ से (सर्वतः) सब तरह (रागयोगात्) राग के योग से (विरमति) विरक्त होता है अर्थात् प्रथक् होता है ॥४॥

(मंदाक्रांता) १३७

सम्यग्दृष्टिः स्वयमयमहं जातु बन्धो न मे स्या-
दित्युत्तानोत्पुलकवदना रागिणोऽप्याचरन्तु ।
आलम्बंतां समितिपरतां ते यतोऽद्यापि पापा-
आत्मानात्मावगमविरहात्सन्तिसम्यक्त्वरिक्ताः ।५

अन्वयार्थ—(अहं) मैं (स्वयं) स्वतः (सम्यग्दृष्टिः अस्मि) सम्यग्दृष्टि हूँ (अयं बंधः) यह बंध (जातु) कभी भी (मे) मेरे (न स्यात्)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

नहीं हो सकता है (इति) इस प्रकार (उत्तानोत्पुलकवदनाः) अहंकार से उन्नत और रोमांचित हो गया है मुख और शरीर जिन्होंका ऐसे (ते) वे (रागिणः) रागीजन (अपि) भी (आचरन्तु) महाव्रतादि का पालन करें और (समितिपरतां) समितियों में तत्परता का (आलम्बंतां) आलम्बन करें (यतः) क्योंकि (पापा) पापी पुरुष (अद्यापि) आज भी (आत्मानात्मावगमविरहात्) चेतन और अचेतन के ज्ञान से शून्य होने से (सम्यक्त्वरिक्ताः सन्ति) सम्यग्दर्शन से शून्य हैं ॥५॥

(मंदाक्रान्ता) १३८

आसंसारात्प्रतिपदममी रागिणो नित्यमत्ताः ।
सुप्तायस्मिन्नपदमपदं तद्विबुध्यध्वमन्धाः ॥
एतैतेतः पदमिदमिदं यत्र चैतन्यधातुः ।
शुद्धः शुद्धः स्वरसभरतः स्थायिभावत्वमेति ।५

अन्वयार्थ—(हे अन्धाः) हे अज्ञानियो (अमी) ये (रागिणः) रागी पुरुष (प्रतिपदं) पद पद पर (आसंसारात्) अनादि संसार से (यस्मिन्) जिस पद में (नित्यमत्ताः) हमेशा से उन्मत्त हैं और (सुप्ता) सोये हुए हैं (हि) निश्चय से (यूयं) तुम लोग (तत्) उस पद को (अपदं) अपद (अपदं) अपद (बुध्यध्वं) समझो (अतः) इसलिए (यूयं) तुम लोग (इदम् इदम्) इसी इसी (पदं) पदको (एत एत) प्राप्त करो प्राप्त करो (यत्र) जिस पद में (शुद्धः शुद्धः) शुद्ध शुद्ध (चैतम्य धातुः) चैतन्य द्रव्य (स्वरसभरतः) अपने रस के भार से (स्थायी भावत्वं एति) स्थिरता को प्राप्त करता है ॥६॥.

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(अनुष्टुप) १३९

एकमेव हि तत्स्वाद्यं विपदामपदं पदम् ।
अपदान्येव भासन्ते पदान्यन्यानि यत्पुरः ॥७॥

अन्वयार्थ—(यत्) जो (पदं) पद (विपदां) विपत्तियों का (अपदं) पद नहीं (अस्ति) है (हि) निश्चय से (तत् एव) वह ही (एकं) एक पद (स्वाद्यं) स्वाद लेने योग्य है (यत्पुरः) जिसके सामने (अन्यानि पदानि) दूसरे पद (अपदानि एव भासन्ते) अपद रूप ही मालूम होते हैं ॥७॥

(शार्दूलविक्रीडित) १४०

एकं ज्ञायकभावनिर्भरमहास्वादं समासादयन्
स्वादन्द्वन्द्वमयं विधातुमसहः स्वांवस्तुवृत्तिंविदन् ।
आत्मात्मानुभवानुभावविवशोभ्रस्यद्विशेषोदयं
सामान्यं कलयत्किलैष सकलं ज्ञानं नयत्येकतां ।८

अन्वयार्थ—(अयं) यह (आत्मा) आत्मा (ज्ञायकभावनिर्भर महास्वादं) ज्ञायक भाव से परिपूर्ण महान् स्वाद वाले (एकं) एक अर्थात् असाधारण स्वाद को (समासादयन्) संपादन करता हुआ (स्वां) अपनी (वस्तुवृत्तिंविदन्) वस्तुस्थिति को जानता हुआ (द्वंद्वं) दो दो रूप के (विधातु असहः) करने में असमर्थ हैं (आत्मात्मानुभवानुभावविवशः) अपने आत्मानुभव के प्रभाव से पराधीन (एषः विशेषोदयं) यह आत्मा विशेष उदय को (भ्रस्यत्) गौण करने वाले और (सामान्यं) सामान्य उदय को (कलयत्) प्राप्त करने वाले (सकलं ज्ञानं एकतां किल नयति) समस्त ज्ञान की एकता को निश्चय से प्राप्त करता है ॥८॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(शार्दूलविक्रीडित) १४१

अच्छाच्छाःस्वयमुच्छलन्तियदिमाःसंवेदनव्यक्तयो
निष्पीताखिलभावमंडलरसप्राग्भारमत्ता इव ।
यस्याभिन्नरसः स एष भगवानेकोऽप्यनेकीभवत् ।
वल्गत्युत्कलिकाभिरद्भुतनिधिश्चैतन्यरत्नाकरः॥

अन्वयार्थ—(यत्) जो (इमाः) ये (अच्छाच्छाः) अतिनिर्मल (निष्पीताखिलभावमंडलरसप्राग्भारमत्ता इव) अतिशयरूप से सम्पूर्ण पदार्थ समुदाय के रस के अत्यन्त बोझ से मत्त हुए मानो (संवेदन-व्यक्तयः) अनुभव के भेद (स्वयं)स्वतः(उच्छलन्ति) उछलरहे हैं (यस्य) जिसका (अभिन्नरसः) अभिन्न रस रूप (सः) वह (एषः)यह(भगवान्) भगवान (एकः अपि) एक होता हुआ भी (अनेकी) अनेक (भवत्) होता हुआ (अद्भुतनिधिः) विचित्र हैं निधियां जिसमें ऐसा (चैतन्य-रत्नाकरः) चैतन्यरूपी समुद्र [उत्कलिकाभिः] उठती हुई तरङ्गों से (वल्गति) उछल रहा है ॥९॥

(शार्दूलविक्रीड़ित) १४२

क्लिश्यन्तां स्वयमेवदुष्करतरैर्मोक्षोन्मुखैःकर्मभिः
क्लिश्यन्तांचपरे महाव्रततपो भारेणभग्नाश्चिरं ।
साक्षान्मोक्षइदंनिरामयपदंसंवेद्यमानंस्वयम्
ज्ञान ज्ञानगुणं विना कथमपिप्राप्तुं क्षमन्ते न हि ॥

अन्वयार्थ—(केऽपि) कोई भी (दुष्करतरैः) अति कठिन (मोक्षो-न्मुखैः) मोक्ष से विमुख (कर्मभिः) कर्मों से अर्थात् क्रियाओं से (स्वयमेव)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

खुद ही (क्लिश्यंतां) क्लेश को प्राप्त करें (परे) दूसरे (महाव्रततपोभारेण) महाव्रतों के और तपश्चरण के भार से (चिरं) चिरकाल तक (भग्नाः) पीड़ित हुए (क्लिश्यंतां) दुखी हों (इदं) यह (निरामयपदं) व्याधि रहित स्थान (स्वयं संवेद्यमानं) खुद अनुभव में आ रहा (ज्ञानं साक्षात् मोक्षः अस्ति) ज्ञान साक्षात् मोक्ष है (ज्ञानगुणं विना) ज्ञान गुण के बिना (ज्ञानं) ज्ञान को (प्राप्तुं) प्राप्त करने के लिए (हि) निश्चय से (कथमपि) किसी भी प्रकार से (न क्षमन्ते) समर्थ नहीं हो सकते हैं ॥ १० ॥

(द्रुतविलंबित) १४३

पदमिदं ननु कर्मदुरासदं—
सहजबोधकलासुलभं किल ।
तत इदं निजबोधकलाबलात्—
कलयितुं युततां सतत जगत् ॥११॥

अन्वयार्थ—(इदं) यह (पदं) ज्ञानरूप पद (ननु) निश्चय से (कर्मदुरासदं) कर्मों के द्वारा दुर्लभ है (किल सहजबोधकलासुलभं) किन्तु स्वाभाविक ज्ञानरूप कला से सुलभ है (तत इदं निजबोधकलाबलात्) इसलिए इस आत्मज्ञान को अपनी ज्ञानरूप कला के बल से (कलयितुं जगत् सततं युततां) प्राप्त करने के लिए संसार निरन्तर यत्न करे ॥११॥

(उपजाति) १४४

अचिन्त्यशक्तिःस्वयमेवदेव—
श्चिन्मात्रचिंतामणिरेव यस्मात् ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

सर्वार्थसिद्धात्मतया विधत्ते—
ज्ञानी किमन्यस्य परिग्रहेण ॥ १२ ॥

अन्वयार्थ—(यस्मात् अचिन्त्यशक्तिः) जिस कारण से अचिंतनीय है सामर्थ्य जिसकी ऐसा (चिन्मात्रचिंतामणिः) चैतन्यस्वरूप चिंतामणि (एव) ही (स्वयमेव) खुद ही (देवः अस्ति) देव है (ज्ञानी सर्वार्थ-सिद्धात्मतया) ज्ञानी सम्पूर्ण प्रयोजनों के सिद्धरूप हो जाने से (अन्यस्य-परिग्रहेण किं विधत्ते) परपदार्थ के ग्रहण करने से क्या करेगा अर्थात् कुछ भी नहीं ॥१२॥

(वसन्ततिलका) १४५

इत्थं परिग्रहमपास्य समस्तमेव—
सामान्यतःस्वपरयोरविवेकहेतुं ।
अज्ञानमुज्झितुमना अधुनाविशेषा—
द्भूयस्तमेव परिहर्तुमयं प्रवृत्तः ॥१३॥

अन्वयार्थ—(इत्थं सामान्यतः) इस प्रकार सामान्यरूप से (समस्तं-एव परिग्रहम् अपास्य) सबही परिग्रह को छोड़ कर (स्वपरयोः अविवेकहेतुं) अपने और परके अज्ञान के हेतु (अज्ञानं उज्झितुमना) अज्ञान को छोड़ने का है चित्त जिसका ऐसा (अयं) यह ज्ञानी (अधुना विशेषात्) इस समय विशेषरूप से (भूयः त एव परिहर्तुम् प्रवृत्तः) फिर उसी ही परिग्रह को छोड़ने के लिए तत्पर हुआ है ॥१३॥

(स्वागता) १४६

पूर्वबद्धनिजकर्मविपाकाद्—
ज्ञानिनो यदि भवत्युपभोगः ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

तद्भवत्वथ च रागवियोगा—
न्नूनमेति न परिग्रहभावम् ॥१४॥

अन्वयार्थ—(ज्ञानिनः यदि) ज्ञानी के यदि (पूर्वबद्धनिजकर्म-विपाकात्) पूर्व के बंधे हुए अपने कर्मों के फल से (उपभोगः भवति) उपभोग होता है (तर्हि तत् भवतु) तो वह हो (रागवियोगात् नूनं) राग के वियोग से निश्चय से वह उपभोग (परिग्रहभावं न ऐति, परिग्रह-पने को नहीं प्राप्त होता है ॥१४॥

(स्वागता) १४७

वेद्यवेदकविभावचलत्वा—
द्वेद्यते न खलु कांक्षितमेव ।
तेन कांक्षति न किंचन विद्वान्—
सर्वतोऽप्यतिविरक्तिमुपैति ॥१५॥

अन्वयार्थ—(वेद्यवेदकविभावचलत्वात्) वेद्य और वेदक विकारी भाव चंचल होने से (खलु विद्वान् कांक्षितं एव) निश्चय से ज्ञानी पुरुष इच्छित वस्तु को ही (न वेद्यते) नहीं जानता है (तेन किंचन न कांक्षति) तिस कारण से किसी भी वस्तु को नहीं चाहता (सर्वतः अपि सब तरह से भी (अतिविरक्तिं उपैति) अत्यन्त वैराग्य को प्राप्त करता है ॥१५

[स्वागता] १४८

ज्ञानिनो न हि परिग्रहभावं—
कर्मरागरसरिक्ततयैति ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

रंगयुक्तिरकषायितवस्त्रे—
स्वीकृतैव हि वहिर्लुठतीह ॥१६॥

अन्वयार्थ—(ज्ञानिनः कर्म) ज्ञानी की क्रिया (रागरसरिक्ततया) रागरूपी रस से रहित होने के कारण (परिग्रहभावं न एति) परिग्रहपने को नहीं प्राप्त करती है (रंगयुक्तिः) राग की योजना अर्थात् सम्बन्ध (अकषायितवस्त्रे स्वीकृता) कषायले पने से रहित वस्त्र में (हि) निश्चय से (इह) वस्त्र में (वहिः एव) बाहर ही (लुठति) लोटती है ॥

ज्ञानवान्स्वरसतोऽपियतःस्या—
त्सर्वरागरसवर्जनशीलः ।
लिप्यते सकल कर्मभिरेषः—
कर्ममध्यपतितोऽपि ततो न ॥१७॥

अन्वयार्थ—(यतः ज्ञानवान्) जिस कारण से ज्ञानवान (स्वरसतः अपि) आत्मिकरस से भी (सर्वरागरसवर्जनशीलः) समस्त रागरूपी रससे रहित स्वभाववान (अस्ति) है (ततः) इस कारण से (एषः) यह ज्ञानी (कर्ममध्यपतितः अपि) कर्म के मध्य में पड़ा हुआ भी (सकलकर्मभिः न लिप्यते) समस्त कर्मों से लिप्त नहीं होता है ॥१७॥

(शार्दूलविक्रीडित) १५०

यादृक्तादृगिहास्तितस्यवशतोयस्यस्वभावोहियः
कर्तुं नैष कथंचनापि हिपरैरन्यादृशःशक्यते ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अज्ञानं न कदाचनापि हि भवेत्ज्ञानं भवेत्संततम्
ज्ञानिन् भुङ्क्ष्वपरापराधजनितो नास्तीहबंधस्तव।

अन्वयार्थ—(इह) इस लोक में (यस्य) जिस वस्तु की (वशतः) अधीनता से (यः) जो (यादृक् स्वभावः अस्ति) जैसा स्वभाव है (तस्य स्वभावः) उस वस्तु का स्वभाव (तादृक्) वैसा ही है (हि) निश्चय से (परैः) दूसरों के द्वारा (एषः) यह स्वभाव (अन्यादृशः) अन्य प्रकार का (कथंचन अपि कर्तुं न शक्यते) किसी भी तरह से करने में समर्थ नहीं है (हि अज्ञानं कदाचन अपि) निश्चय से अज्ञान किसी भी तरह से (ज्ञानं न भवेत्) ज्ञान नहीं हो सकता (हे ज्ञानिन्) हे ज्ञानी पुरुष (त्वम्) तू (संततम् भवत्) निरंतर विद्यमान (ज्ञानं भुंक्ष्व) ज्ञान का आस्वादन कर (इह) इस लोक में (तव) तेरे (परापराधजनितः) परके अपराध से पैदा हुआ (वंधः नास्ति) बंध नहीं है ॥ १८ ॥

(शार्दूलविक्रीडित) १५१

ज्ञानिन्कर्मनजातुकर्तुमुचितंकिंचित्तथाप्युच्यते
भुङ्क्षेहन्तनजातु मे यदि परं दुर्भुक्तएवासिभोः
वंधःस्यादुपभोगतोयदि नतत्किंकामचारोऽस्तिते
ज्ञानसन्बसवन्धमेष्यपरथा स्वस्यापराधाद्ध्रुवम् ॥

अन्वयार्थ—(हे ज्ञानिन्) हे ज्ञानी (जातु) कभी भी (त्वया कर्म कर्तुं) तेरे द्वारा कर्म करना (उचितं न अस्ति) योग्य नहीं है (तथापि त्वया) तो भी तेरे द्वारा (उच्यते) कहा जाता है (यत् अहं किंचित् भुङ्क्ते) कि मैं कुछ भोगता हूँ (मे परं जातु न) मेरे पर

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्ववार्थ —(रागद्वेषद्वयं) राग और द्वेष ये दोनों (तावत् उदयते) तभी तक उदीयमान रहते हैं (यावत् ज्ञानंज्ञानं न भवति) जब तक ज्ञान ज्ञानरूप नही होता (पुनः बोध्यं बोध्यतां न याति) और ज्ञेय अर्थात् पदार्थ ज्ञेयता को प्राप्त नहीं होता (न्यक्कृताज्ञान भावं) इसलिये दूर कर दिया है अज्ञान भाव को जिसने ऐसा (इदं ज्ञानं ज्ञानं भवतु) यह ज्ञान ज्ञान रूप हो (येन भावाभावौ तिरयत् पूर्वस्वभावः भवति) जिससे भाव और अभाव इन दोनों को दूर करता हुआ पूर्ण स्वभाव रूप हो ।

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(मंदाक्रान्ता) २१८

रागद्वेषाविह हि भवति ज्ञानमज्ञानभावा
त्तौ वस्तुत्वप्रणिहितदृशादृश्यमानौ न किंचित् ॥
सम्यग्दृष्टिःक्षपयतु ततस्तत्वदृष्ट्या स्फुटन्तौ ।
ज्ञानज्योतिर्ज्वलति सहजं येन पूर्णाचलार्च्चिः ॥

अन्वयार्थ—(हि) निश्चय से (इह) इस आत्मा में (ज्ञानं अज्ञानभावात्) ज्ञान, अज्ञान भाव से (रागद्वेषौ भवति) राग और द्वेष रूप हो जाता है (प्रणिहितदृशा दृश्यमानौ) सावधान दृष्टि से देखने वाले (तौ किंचित् वस्तुत्वं न) वे राग और द्वेष कुछ भी वस्तुरूप नहीं हैं (तत् सम्यग्दृष्टिः तत्त्वदृष्ट्या) इसलिये सम्यग्दृष्टि तत्त्व दृष्टि से (स्फुटन्तौ) प्रतिभासमान राग और द्वेष को (क्षपयतु) दूर करें (येन सहजं पूर्णाचलार्च्चिः) जिससे स्वाभाविक परिपूर्ण निश्चल प्रकाशवान (ज्ञानज्योतिर्ज्वलति) ज्ञान रूपी ज्योति प्रकाशमान रहे ॥ २५ ॥

(शालिनी) २१९

रागद्वेषोत्पादकं तत्त्वदृष्ट्या —
नान्यद्द्रव्यं वीक्ष्यते किंचनापि ।
सर्वद्रव्योत्पत्तिरन्तश्चकास्ति—
व्यक्ताऽत्यन्तं स्वस्वभावेन यस्मात् ।२६।

अन्वयार्थ—(तत्त्वदृष्ट्या) यथार्थ दृष्टि से (रागद्वेषोत्पादकं) राग और द्वेष को उत्पन्न करने वाली (अन्यत् किंचन अपि) दूसरा

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

कोई भी (द्रव्यं न वीक्ष्यते) द्रव्य देखने में नहीं आता है (यस्मात्) जिस कारण (सर्वद्रव्योत्पत्तिः) सब द्रव्यों की उत्पत्ति (स्वस्वभावेन) अपने स्वभाव से (अन्तः) अंतरंग में (व्यक्ताः) स्पष्ट होती हुई (अत्यंतं चकास्ति) अतिशय रूप से शोभित होती है ॥२६॥

(मालिनी) २२०

यदिह भवति रागद्वेषदोषप्रसूतिः ।
कतरदपि परेषां दूषणं नास्ति तत्र ॥
स्वयमयमपराधी तत्र सर्पत्यबोधो ।
भवतु विदितमस्तं यात्वबोधोऽस्मि बोधः ।२७।

अन्वयार्थ—(इह यत् रागद्वेषदोषप्रसूतिः) इस आत्मा में जो राग और द्वेष रूप दोष की उत्पत्ति (भवति) होती है (तत्र परेषां कतरदपि दूषणं नास्ति) उसमें परद्रव्यों का कुछ भी दोष नहीं है (अयं अबोधः) यह अज्ञान (तत्र स्वयं अपराधी सर्पति) उस दोष में खुद ही अपराधी रुप से फैल रहा है यह बात(विदितं भवतु) विदित हो (अबोधः अस्तं यातु) अज्ञान विनाश को प्राप्त हो क्योंकि मैं (बोधः अस्मि) ज्ञान रूप हूं ॥२७॥

(रथोद्धता) २२१

रागजन्मनि निमित्ततां परद्रव्यमेवकलयंतियेतुते
उत्तरन्ति न हि मोहवाहिनीं शुद्धबोधविधुरान्धबुद्धयः

अन्वार्य—(ये रागजन्मनि) जो राग की उत्पत्ति में (परद्रव्यं एव निमित्ततां कलयन्ति) परद्रव्य को ही निमित्त रूप से मानते हैं वे तो (शुद्धबोधविधुरान्धबुद्धयः) निर्मल ज्ञान से शून्य अंध बुद्धि

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वाले इस (मोहग्राहिनीं) मोह रूपी नदी को (हि) निश्चय से (न उत्तरन्ति) पार नहीं हो सकते ॥२८॥

(शार्दूलविक्रीडित) २२२

पूर्णैकाच्युतशुद्धबोधमहिमा बोद्धा न बोध्यादयं
यायात्कामपिविक्रियां तत इतो दीपःप्रकाश्यादिव
तद्वस्तुस्थितिबोधवन्ध्यधिषणा एते किमज्ञानिनो
रागद्वेषमयी भवन्ति सहजां मुंचन्त्युदासीनताम् ॥

अन्वयार्थ—(अयं पूर्णैकाच्युतशुद्धबोधमहिमा) यह पूर्ण एक अविनाशी निर्मल ज्ञान रूप महिमा वाला (बोध्यबोध्यात्) ज्ञान जानने योग्य पदार्थ से (कामपिविक्रियां न यायात्) किसी भी विकार को नहीं प्राप्त हो सकता (इतः प्रकाश्यात् दीपः इव) इस प्रकार प्रकाश करने योग्य पदार्थ से दीपक के समान अर्थात् जैसे घट पटादि पदार्थों से प्रकाश करने वाला दीपक पैदा नहीं होता वैसे ही ज्ञेय से ज्ञान पैदा नहीं होता (ततः) इसलिये (तद्वस्तुस्थितिबोधवन्ध्यधिषणाः) उस रूप वस्तु की स्थिति के ज्ञान से शून्य बुद्धि वाले (एते अज्ञानिनः) ये अज्ञानी लोग (किं रागद्वेषमयी भवति) क्यों राग द्वेषमय हो रहे हैं और (सहजां उदासीनतां) स्वाभाविक उदासीनता को (किं मुंचन्ति) क्यों छोड़ रहे हैं ॥२६॥

(शार्दूलविक्रीडित) २२३

रागद्वेषविभावमुक्तमहसो नित्यं स्वभावस्पृशः
पूर्वागामिसमस्तकर्मविकलाभिन्नास्तदात्वोदयात्

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

दूरारूढचरित्रवैभवबलाच्चंचच्चिदर्चिष्मयीं
विंदन्ति स्वरसाभषिक्तभुवनां ज्ञानस्य संचेतनां

अन्वयार्थ—(रागद्वेषविभावमुक्तमहसः) रागद्वेष रूप विभाव से शून्य तेज वाले (नित्यं स्वभावस्पृशः) निरंतर स्वभाव को ही स्पर्श करने वाले (पूर्वागामिसमस्तकर्मविकला) भूत भविष्यत के समस्त कर्मों से शून्य और (तदात्वोदयात्) वर्तमान के कर्मोदय से (भिन्नाः) प्रथक (दूरारूढचरित्रवैभवबलात्) अतिशय रूप से धारण किये गये चारित्र रूप ऐश्वर्य के बल से (चंचच्चिदर्चिष्मयीं) चमकीली चैतन्य रूपी ज्वालाओं वाली (स्वरसाभषिक्तभुवनां) अपने रस से सींच दिया है लोक को जिसने ऐसी (ज्ञानस्य संचेतनांविंदति) ज्ञान की समीचीन चेतना को प्राप्त करते हैं ॥ ३० ॥

(उपजाति) २२४

ज्ञानस्य संचेतनयैवनित्यं प्रकाशते ज्ञानमतीवशुद्धं
अज्ञानसंचेतनयातुधावन्बोधस्यशुद्धिंनिरुणद्धिबंधः

अन्वयार्थ—(ज्ञानस्य संचेतनया) ज्ञान की सम्यक् चेतना से (एव) ही (ज्ञानं अतीवशुद्धं) ज्ञान अतिशय रूप से शुद्ध (नित्यं प्रकाशते) निरंतर प्रकाशित होता है (अज्ञानसंचेतनयातु) अज्ञान चेतना से तो (धावन्) दौड़ता हुआ (बंधः) बंध (बोधस्य) ज्ञान की (शुद्धि निरुणद्धि) शुद्धि को रोक देता है ॥३१॥

(आर्या) २२५

कृतकारितानुमननैस्त्रिकालविषयंमनोवचनकायैः
परिहृत्य कर्म सर्वं परमं नैष्कर्म्यमवलम्बे ॥३२॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(त्रिकालविषयं) तीन काल सम्बन्धी (सर्वं कर्म) सभी कर्मों को (मनोवचनकायैः) मन वचन काय और (कृत करितानुमनुनैः) कृत कारित अनुमोदना से (परिहृत्य) दूर कर मैं (परमं) अतिश्रेष्ठ (नैष्कर्म्यं) कर्म शून्यता का (अवलम्बे) आलम्बन करता हूँ ॥३२॥

(आर्या) २२६

मोहाद्यदहमकार्षं समस्तमपि कर्म तत्प्रतिक्रम्य
आत्मनि चैतन्यात्मनि निष्कर्मणिनित्यमात्मनावर्ते

अन्वयार्थ—(मोहात्) मोह से अर्थात् अज्ञान से (अहं) मैंने (यत्कर्म) जो कर्म (अकार्षन्) किये (तत्समस्तं अपि) उन सम्पूर्ण कर्मों का (प्रतिक्रम्य) प्रतिक्रमण कर (निष्कर्मणि) कर्मों से शून्य (चैतन्यात्मनि) चैतन्य रूप (आत्मनि) आत्मा में (आत्मना) अपने द्वारा (नित्यं) निरन्तर (वर्ते) प्रवृत्ति करता हूँ ॥ ३३ ॥

(आर्या) २२७

मोहविलासविजृम्भितमिदमुदयत्कर्मसकलमालोच्य
आत्मनि चैतन्यात्मनि निष्कर्मणिनित्यमात्मनावर्ते

अन्वयार्थ—(मोहविलासविजृम्भितम्) मोह के विलास से वृद्धि को प्राप्त हुए (उदयत्) उदय में आ रहे (इदं सकलं कर्म आलोच्य) इन सम्पूर्ण कर्मों की आलोचना कर (निष्कर्मणि) कर्मों से शून्य (चैतन्यात्मनि) चैतन्य स्वरूप (आत्मनि) आत्मा में (आत्मना) अपने द्वारा (नित्यं वर्ते) निरन्तर प्रवृत्ति करता हूँ ॥ ३४ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(आर्या) २२८

प्रत्याख्याय भविष्यत्कर्म समस्तं निरस्तसंमोहः ।
आत्मनि चैतन्यात्मनि निष्कर्मणिनित्यमात्मनावर्ते

अन्वयार्थ -(भविष्यत्) आगामी (समस्तं कर्म) सम्पूर्ण कर्म को (प्रत्याख्याय) छोड़कर (निरस्तसंमोहः) मोह से रहित (निष्कर्मणि चैतन्यात्मनि) कर्मों से शून्य चैतन्य स्वरूप (आत्म.न) आत्मा में (आत्मना नित्यं वर्ते) अपने द्वारा निरन्तर प्रवृत्ति करता हूँ ॥३५॥

(उपजाति) २२९

समस्तमित्येवमपास्यकर्म—
त्रैकालिकं शुद्धनयावलम्वी ।
विलीनमोहो रहितं विकारै—
श्चिन्मात्रमात्मानमयाऽवलम्बे ॥३६॥

अन्वयार्थ—(इत्येवं) इस प्रकार (समस्तं त्रैकालिकं कर्म अपास्य) सम्पूर्ण तीन काल संबंधी कर्मों को छोड़कर (शुद्ध नयावलम्वी) शुद्ध नय का अवलम्वन करने वाला (विलीनमोहः विकारैः) मोह से शून्य कर्म कृत विकार भावों से (रहितं) रहित (चिन्मात्रं आत्मानं अयावलम्वे) चैतन्य स्वरूप आत्मा का अवलम्बन करता हूँ ॥३६॥

(आर्या) २३०

विगलन्तु कर्मविषतरुफलानि मम भुक्तिमंतरेणैव
संचेतयेऽहमचलं चैतन्यात्मानमात्मानं ॥३७॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(कर्मविषतरुफलानि) कर्म रूप विष वृक्ष के फल (मम भुक्ति अन्तरेणैव) मेरे भोग के बिना ही (विगलन्तु) खिर जावें (अचलं चैतन्यात्मानं) निश्चल चैतन्य स्वरूप (आत्मानं अहं संचेतये) आत्मा का मैं अनुभव करता हूँ ॥३७॥

(वसंततिलका) २३१

निःशेषकर्मफलसंन्यसनात्ममैवं,
सर्वक्रियान्तरविहारनिवृत्तवृत्तेः ।
चैतन्यलक्ष्म भजतो भृशमात्मतत्वं,
कालावलीयमचलस्य वहत्वनंतं ॥३८॥

अन्वयार्थ—(निःशेषकर्मफलसंन्यसनासात्) समस्त कर्मों के फल का त्याग होने से (सर्वक्रियान्तराविहारानिवृत्तवृत्तेः) सभी अन्य क्रियाओं में प्रवर्तन रूप से रहित वृत्ति वाले (चैतन्यलक्ष्म आत्मतत्वं भृशं भजतः) चैतन्य स्वरूप आत्म तत्त्व को अतिशय रूप से अनुभव करने वाले (अचलस्य) निश्चल (मम) मेरे (इयं) यह (कालावली अनंतं एवं वहतु) काल की आवलि अनंत काल तक प्रवाह रूप से बहे ॥३८॥

(वसंततिलका) २३२

यः पूर्वभावकृतकर्मविषद्रुमाणां,
भुंक्ते फलानि नखलु स्वत एव तृप्तः ।
आपातकालरमणीयमुदर्करम्यं,
निष्कर्मशर्ममयमेति दशान्तरं सः ॥३९॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(यः पूर्वभावकृतकर्मविषद्रुमाणां) जो पूर्व काल में किये गये कर्म रूप विष वृक्ष के (फलानि) फलों को (स्वतः न भुंक्ते) निज बुद्धि से नहीं भोगता (खलु) निश्चय से (सः तृप्तः एव) वह निज स्वरूप में संतुष्ट ही है (आपातकालरमणीयं) वर्तमान काल में उदय से सुन्दर (उदर्करम्यं निष्कर्मशर्मभयम्) भविष्य काल में मनोहर कर्मों से रहित सुख रूप (दशान्तरं एति) अवस्थान्तर को प्राप्त करता है ॥३६॥

(स्रग्धरा) २३३

अत्यन्तंभावयित्वाविरतमविरतंकर्मणस्तत्फलाच्च
प्रस्पष्टंनाटयित्वाप्रलयनमखिलाज्ञानसंचेतनायाः
पूर्णंकृत्वास्वभावंस्वरसपरिगतं ज्ञानसंचेतनां स्वां
सानन्दं नाटयतः प्रशमरसमितः सर्वकालंपिवन्तु

अन्वयार्थ—(कर्मणः तत्फलाच्च) कर्म से और कर्मों के फल से (विरतं) विरक्ती को (अविरतं) निरन्तर (अत्यन्तं भावयित्वा) अतिशय रूप से भावना कर (अखिलज्ञानसचेतनायाः) समस्त अज्ञान चेतना के (प्रलयनं प्रस्पष्टं नाटयित्वा) विनाश को भली भाँति नचा के (स्वरसपरिगतं) निज रस में प्राप्त (स्वभावं) स्वभाव को (पूर्णंकृत्वा) पूरा करके (स्वां) अपनी (ज्ञान संचेतनां) ज्ञान रूपी चेतना को (सानन्दं) आनन्द सहित (नाटयन्तः) नचाते हुए (इतः) इस तरह से आगे (सर्वकालं) सदा (प्रशमरसं) प्रशम रूप रस को (पिवन्तु) पियें ॥४०॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(वंशस्थ) २३४

इतः पदार्थप्रथनावगुण्ठना—
द्विनाकृतेरेकमनाकुलं ज्वलत् ।
समस्तवस्तुव्यतिरेकनिश्चया—
द्विवेचितं ज्ञानमिहावतिष्ठते ॥४१॥

अन्वयार्थ—(इतः) यहां से आगे (पदार्थप्रथनावगुण्ठनात्) पदार्थों के प्रसार का ज्ञेय ज्ञान संबंध से (कृतेविना) कर्तृत्वादि रूप क्रिया के बिना (अनाकुलं) निराकुल (समस्तवस्तुव्यतिरेक-निश्चयात्) समस्त पदार्थों से भिन्नता का निश्चय होने से (विवेचितं) प्रथक किया गया (एकं ज्ञानं) एक ज्ञान (इह) आत्मा में (ज्वलत्) चमकता हुआ (अवतिष्ठते) स्थित रहता है ॥४१॥

(शार्दूलविक्रीडित) २३५

अन्येभ्योव्यतिरिक्तमात्मनियतंविभ्रत्प्रथक्वस्तुता-
मादानोज्झनशून्यमेतदमलं ज्ञानं तथावस्थितम्
मध्याद्यन्तविभागमुक्तसहजस्फारप्रभाभासुरः
शुद्धज्ञानघनो यथास्यमहिमानित्योदितस्तिष्ठति

अन्वयार्थ—(अन्येभ्यः व्यतिरिक्तं) अन्य पदार्थों से अत्यन्त भिन्न (आत्मनियतं) आत्मा में निश्चित (वस्तुताम्) वस्तुता को अर्थात् सामान्य विशेषात्मकता को (प्रथक्‌विभ्रत्) भिन्न रूप से धारण करता हुआ (आदानोज्झनशून्यं) ग्रहण और त्याग से रहित (अमलं) निर्मल (एतत् ज्ञानं) यह ज्ञान (तथावस्थितम्) उसी

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

प्रकार से अवस्थित है (यथा) जिस प्रकार से (अस्य) इसकी (मध्याद्यन्तविभागमुक्तसहजस्फारप्रभाभासुरः) मध्य आदि और अंत रूप विभाग से शून्य स्वाभाविक विशाल प्रभा से प्रकाशमान (शुद्धज्ञानघनः) शुद्ध ज्ञान घन स्वरूप (नित्योदितः) निरन्तर प्रकाशमान (महिमा तिष्ठति) महिमा स्थित रहती है ॥४२॥

(उपजाति) २३६

उन्मुक्तमुन्मोच्यमशेषतस्तत्तथात्तमादेयमशेषतस्तत्
यदात्मनः संहृतसर्वशक्तेः पूर्णस्य संधारणमात्मनीह

अन्वयार्थ—(यत् उन्मोच्यं) जो छोड़ने योग्य था (तत् अशेषतः उन्मुक्तं) वह परिपूर्ण रूप से छोड़ा गया (तथा) वैसे ही (यत् आदेयं) जो ग्रहण करने योग्य था (तत् अशेषतः आत्तं) वह समग्र रूप से ग्रहण किया गया (संहृतसर्वशक्तेः) एकत्रित हो चुकी हैं समस्त शक्तियें जिसकी ऐसी (पूर्णस्य आत्मनः) परिपूर्ण आत्मा का (इह आत्मनि संधारणं भवति) इस आत्मा में धारण करना होता है ॥४३॥

(अनुष्टुप) २३७

व्यतिरिक्तं परद्रव्यादेवं ज्ञानमवस्थितम् ।
कथमाहारकं तत्स्याद्येन देहोस्य शंक्यते ॥४४॥

अन्वयार्थ—(एवं परद्रव्यात्) इस प्रकार पर द्रव्यों से (व्यतिरिक्तं) सर्वथा पृथक (ज्ञानं अवस्थितम्) ज्ञान स्थित हुआ (तत् आहारकं) वह ज्ञान कर्म और नोकर्म वर्गणाओं को ग्रहण करने वाला (कथं स्यात्) कैसे हो सकता है (येन अस्य देहः शंक्यते) जिससे इस ज्ञान के शरीर की शंका की जा सके ॥४४॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(अनुष्टुप) २३८

एवं ज्ञानस्य शुद्धस्य देह एव न विद्यते ।
ततो देहमयं ज्ञातुर्नलिंगं मोक्षकारणम् ॥४५॥

अन्वयार्थ—(एवं शुद्धस्य ज्ञानस्य देहः एव न विद्यते) इस तरह शुद्ध ज्ञान के शरीर ही नहीं है (ततः ज्ञातुः देहमयं लिंगं मोक्ष कारणं न भवेत्) इस कारण ज्ञाता अर्थात् आत्मा का शरीर रूप लिंग मोक्ष का कारण नहीं हो सकता ॥४५॥

(अनुष्टुप) २३९

दर्शनज्ञानचारित्रत्रयात्मा तत्वमात्मनः ।
एक एव सदा सेव्यो मोक्षमार्गो मुमुक्षुणा॥४६

अन्वयार्थ—(आत्मनः तत्वं दर्शनज्ञानचारित्रत्रयात्मा) आत्मा का स्वरूप दर्शन ज्ञान और चारित्र इन तीनों का एकत्वरूप है इसलिए (मुमुक्षुणा) मोक्ष को चाहने वाले (सदा) हमेशा (एक एव) एक ही (मोक्षमार्गः सेव्यः) मोक्षमार्ग का सेवन करें ॥४६॥

(शार्दूलविक्रीडित) २४०

एको मोक्षपथो य एषनियतो दृग्ज्ञप्तिवृत्यात्मक
स्तत्रैवस्थितिमेति यस्तमनिशंध्यायेच्चतं चेतति
तस्मिन्नेवनिरंतरंविहरति द्रव्यान्तराण्यस्पृशन्
सोऽवश्यं समयस्यसारमचिरान्नित्योदयं विन्दति

अन्वयार्थ—(यः) जो (एषः) यह (दृग्ज्ञप्तिवृत्त्यात्मकः) दर्शन ज्ञान और चारित्र रूप (एकः मोक्षपथः) एक मोक्ष का मार्ग (नियतः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अस्ति) निश्चित है (तत्रैव) उसी में ही (यः स्थितिं एति) जो स्थिति को प्राप्त करता है (अनिशं तं ध्यायेत्) निरंतर उसका ध्यान करता है (च) और (तं) उसी का (चेतति) चिंतन करता है (द्रव्यान्तराणि अस्पृशन्) अन्य द्रव्यों का स्पर्श नहीं करते हुए (तस्मिन्नेव) उसी में ही निरंतरं) निरंतर (विहरति) विहार करता है (सः नित्योदयं समयस्यसारं) वह निरंतर उदीयमान आत्मा के सार को (अचिरात्) शीघ्र ही (अवश्यं विन्दति) अवश्य प्राप्त करता है ॥४७॥

(शार्दूलविक्रीडित) २४१

येत्वेनं परिहृत्य संवृतिपथप्रस्थापितेनात्मना
लिंगे द्रव्यमये वहन्तिममतां तत्वाववोधच्युताः
नित्योद्योतमखण्डमेकमतुलालोकं स्वभावप्रभा-
प्राग्भारं समयस्यसारममलं नाद्यापि पश्यन्ति ते

अन्वयार्थ—(ये) जो पुरुष (एनं) इस मोक्षमार्ग को (तु) तो (परिहृत्य) छोड़ कर (संवृतिपथप्रस्थापितेन) समीचीन व्यवहार मार्ग में स्थापित हुए (आत्मना) अपने द्वारा (द्रव्यमये लिंगे ममतां वहन्ति) द्रव्यरूप वेप में ममता को धारण करते हैं (ते) वे (तत्वाववोधच्युताः) तत्वज्ञान से शून्य होते हुए (नित्योद्योतं अखण्डं) निरन्तर प्रकाशमान अखण्ड (एकं अतुलालोकम् स्वभावप्रभाप्राग्भार) एक अनुपम प्रकाशवान स्वभाव की कान्ति से अत्यन्त असह्य (अमलं समयस्यसारं अद्यापि न पश्यन्ति) निर्मल आत्मा के सार को आज तक भी नहीं देखते हैं।

(वियोगनी) २४२

व्यवहारविमूढदृष्टयःपरमार्थं कलयन्ति नो जनाः
तुषवोधविमुग्धवुद्धयःकलयंतीहतुषं न तंदुलम्

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(व्यवहारविमूढदृष्टय:) व्यवहार में विमुग्ध दृष्टि वाले (जना:) मनुष्य (परमार्थं) परमार्थ को (नो कलयन्ति) नहीं जानते हैं (इह) इस लोक में (तुषबोधविमुग्धबुद्धय:) तुष में ही तंदुल के ज्ञान से विमुग्ध बुद्धि वाले (तुषं) तुष को (तंदुलं कलयन्ति) तंदुल जानते हैं (तंदुलं) तंदुल को (न कलयन्ति) तंदुल नहीं जानते ॥४९॥

(स्वागता) २४३

द्रव्यलिंगममकारमीलितैर्दृश्यतेसमयसारएव न
द्रव्यलिंगमिहयत्किलान्यतोज्ञानमेकमिदमेवहिस्वतः

अन्वयार्थ—(द्रव्यलिंगममकारमीलितैः) द्रव्यलिंग में ममत्व बुद्धि से अन्धे (समयसारः एव न दृश्यते) आत्मा के सार को ही नहीं देखते (इह) इस लोक में (यत् द्रव्यलिंगं) जो द्रव्यलिंग है (तत्तु) वह तो (अन्यतः एव भवति) अन्य द्रव्य से ही होता है और (इदं) यह (एकं ज्ञानं) एक ज्ञान (हि) निश्चय कर (स्वतः एव भवति) आत्मा से ही होता है ॥५०॥

(मालिनी) २४४

अलमलमतिजल्पैर्दुर्विकल्पैरनल्पै ।
रयमिह परमार्थश्चिन्त्यतां नित्यमेकः ॥
स्वरसविसरपूर्णज्ञानविस्फूर्तिमात्रा ।
न्न खलु समयसारा दुत्तरं किञ्चिदस्ति ॥

अन्वयार्थ—(अनल्पैः) बहुत (अतिजल्पैः) ज्यादा बकवाद और (दुर्विकल्पैः) दुर्विकल्प (अलं अलं) व्यर्थ है व्यर्थ है (इह) इस समय-सार ग्रन्थ में (अयं एकः) यह एक (परमार्थः) परमार्थ का (नित्यं

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

चिन्त्यतां) निरंतर चिन्तवन करना चाहिए (स्वरसविसरपूर्णज्ञान विस्फूर्तिमात्रात्) निज रस के फैलावरूप और पूर्णज्ञान से स्फुरायमान (समयसारात्) समयसार से (उत्तरं) अधिक (खलु) और (किंचित् नास्ति) कुछ भी नहीं है ॥५१४॥

(अनुष्टुप) २४५

इदमेकं जगच्चक्षुरक्षयं याति पूर्णताम्।
विज्ञानघनमानंदमयमध्यक्षतां नयत् ॥५२॥

अन्वयार्थ—(इदं) यह समय प्राभृतशास्त्र (अक्षयं) अविनाशी (एकं) एक असाधारण (जगत्चक्षु) जगत का नेत्र रूप (विज्ञानघनं) विज्ञान घन (आनन्दमयं) आनन्दमय समयसार का (अध्यक्षतां नयत्) प्रत्यक्ष कराता हुआ (पूर्णतां याति) पूर्णता को प्राप्त होता है ॥५२॥

(अनुष्टुप) २४६

इतीदमात्मनस्तत्त्वं ज्ञानमात्रमवस्थितं।
अखण्डमेकमचलं स्वसंवेद्यमबाधितम् ॥५३॥

अन्वयार्थ—(इति) इस प्रकार (इदं आत्मनः) यह आत्मा का (तत्वं) स्वरूप (ज्ञानमात्रं) ज्ञानप्रमाण (अवस्थितं) निश्चित हुआ जो (अखण्डं) अखण्ड है (एकं) एक है (अचलं) निश्चल है (स्वसंवेद्यं) स्वसंवेद्य है और (अबाधितं) बाधा कर रहित है ॥५३॥

इति सर्व विशुद्धि अधिकारः

॥ अथ परिशिष्टाधिकारः प्रारभ्यते ॥

(अनुष्टुप) २४७

अत्र स्याद्वादशुद्ध्यर्थं वस्तुतत्त्वव्यवस्थितिः।
उपायोपेयभावश्च मनाग्भूयोऽपि चिंत्यते ॥१॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वतार्थ—(अत्र) इस अधिकार में (स्याद्वादशुद्ध्यर्थं) स्याद्वाद की शुद्धि के लिए (वस्तुतत्वव्यवस्थितिः) वस्तु स्वरूप की व्यवस्था का (च) और (उपायोपेयभावः) ज्ञान में उपाय भाव और उपेय भाव का (मनागपि भूयः) थोड़ा सा भी अतिशय रूप से (चिंत्यते) विचार करें ॥१॥

(शार्दूलविक्रीडित) २४८

वाह्यार्थैः परिपीतमुज्झितनिजप्रव्यक्तिरिक्तीभव
द्विश्रान्तंपररूप एवपरितो ज्ञानंपशोःसीदति ॥
यत्तत्तत्तदिह स्वरूपतइति स्याद्वादिनस्तत्पुनः ।
दूरोन्मग्नघनस्वभावभरतः पूर्णं समुन्मज्जति ॥

अन्वयार्थ—(पशोः) अज्ञानी अर्थात् एकान्तवादी का (यत् ज्ञानं) जो ज्ञान (वाह्यार्थैः) वहिर्भूत पदार्थों से (परिपीतं) पिया गया है परिपूर्ण रूप से (उज्झितनिजप्रव्यक्तिरिक्तीभवत्) छोड़ी हुई अपनी विशेषताओं से शून्य होता हुआ (परितः) सब तरफ से (पररूपेएव) पर रूप में ही (विश्रान्तं) विलय को प्राप्त हुआ (तत्) वह ज्ञान (सीदति) नष्ट हो जाता है (स्याद्वादिनः) लेकिन स्याद्वादी के (तत) वह ज्ञान (इह) इस आत्मा में (स्वरूपतः) स्वरूप से है (तत्) वह ज्ञान (तत) निज रूप है (इति) इस प्रकार (पुनः तत) और वह ज्ञान (दूरोन्मग्नवनस्वभावभरतः) अतिशय रूप से प्रगट घनस्वभाव के समूह से (पूर्णं) परिपूर्ण रूप से (समुन्मज्जति) उदित रहता है ॥२॥

(शार्दूलविक्रीडित) २४९

विश्वं ज्ञानमिति प्रतर्क्यसकलंदृष्ट्वास्वतत्त्वाशया
भूत्वाविश्वमयः पशुः पशुरिव स्वच्छन्दमाचेष्टते

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

यत्तत्तत्पररूपतो न तदितिस्याद्वाददर्शीपुन—
र्विश्वाद्भिन्नमविश्वविश्वघटितं तस्यस्वतत्वं स्पृशेत्

अन्वयार्थ—(पशुः) अज्ञानी एकान्तवादी (विश्वं) समस्त पदार्थों को (ज्ञानं) ज्ञान रूप है (इति) ऐसी (प्रतर्क्य) तर्कणाकर (सकलं) सम्पूर्ण जगत को (स्वतत्वाशयाः) निजतत्व की आशा से (दृष्ट्वा) देख कर (विश्वमयः) समस्त पदार्थरूप (भूत्वा) होकर (पशुइव) पशु के समान (स्वच्छन्दं) स्वच्छन्दरूप से (आचेष्टते) चेष्टा करता है (पुनः) किन्तु (स्याद्वाददर्शी) स्याद्वाद से वस्तुतत्व को देखने वाला (यत्) जो ज्ञान (पररूपतः) पररूप से होता है (तत्) वह ज्ञान (तत् न) ठीक अर्थात् सच्चा ज्ञान नहीं है (इति) इस प्रकार (विश्वात् भिन्नम्) समस्त पदार्थों से भिन्न (विश्वघटितं) समस्त पदार्थों से घटित होता हुआ भी (अविश्व) समस्त पदार्थरूप नहीं तो भी (तस्य) उस पदार्थ के समुदाय रूप (स्वतत्त्वं) निजतत्त्व को (स्पृशेत्) अनुभव करता है ॥३॥

(शार्दूलविक्रीडित) २५०

वाह्यार्थग्रहणस्वभावभरतोविष्वग्विचित्रोल्लसद् ।
ज्ञेयाकारविशीर्णशक्तिरभितस्त्रुट्यन्पशुर्नश्यति ॥
एकद्रव्यतयासदाव्युदितयाभेदभ्रमंध्वंसयन् ।
नेकं ज्ञानमवाधितानुभवनं पश्यत्यनेकान्तवित् ॥

अन्वयार्थ—(पशुः) अज्ञानी एकान्तवादी (वाह्यार्थग्रहणस्वभाव भरतः) वाह्यपदार्थों के ग्रहण रूप स्वभाव के भारसे (विष्वग्विचित्रोल्लसत्ज्ञेयाकारविशीर्णशक्तिः) समस्त नाना प्रकार से शोभमान पदार्थों के आकार से नष्ट हो गई है शक्ति जिसकी ऐसा होता हुआ

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(अभितः) सब तरह से (त्रुटयन्) टूटता हुआ (नश्यति) नष्ट हो जाता है (अनेकान्तवित्) अनेकान्तवादी ज्ञानी तो (एकद्रव्यतया) एक द्रव्य से (सदा) निरंतर (अभ्युदिततया) उदित रहने से (भेदभ्रमं) भेद के भ्रम को (ध्वंसयत्) नाश करते हुए (एकं) एक (अबाधितानुभवन्) बाधा रहित है अनुभव जिसका ऐसे (ज्ञानं न पश्यति) ज्ञान को नहीं देखता ॥४॥

(शार्दूलविक्रीडित) २५१

ज्ञेयाकारकलंकमेचकचितिप्रक्षालनं कल्पयन्
नेकाकारचिकीर्षया स्फुटमपि ज्ञानं पशुर्नेच्छति
वैचित्र्येऽप्यविचित्रतामुपगतं ज्ञानंस्वतःक्षालितं
पर्य्यायैस्तदनेकतां परिमृशन्पश्यत्यनेकान्तवित्

अन्वयार्थ—(पशुः) अज्ञानी एकान्तवादी (ज्ञेयाकारकलंकमेचकचिति) ज्ञेय पदार्थों के आकारों से कलंक को प्राप्त हुए अनेक आकार रूप से मलिन चैतन्य में (एकाकारचिकीर्षया) एक चैतन्यस्वरूप आकार को करने की इच्छा से अनेक आकारों के (प्रक्षालनं कल्पयन्) प्रक्षालन को करता हुआ (स्फुटं ज्ञानं अपि नेच्छति) अनेक आकाररूप स्पष्ट ज्ञान को भी नहीं चाहता अर्थात् ज्ञान का नाश करता है (अनेकान्तवित्) अनेकान्त के स्वरूप का ज्ञाता स्याद्वादी (वैचित्र्येऽपि अविचित्रतां) अनेकाकाररूप से विचित्र होने पर भी एकाकारता को (उपगतं) प्राप्त हुए (स्वतः क्षालितं पर्यायैः अनेकतां) स्वयमेव शुद्ध किये गये पर्यायों से अनेकाकारता को (तत् ज्ञानं परिमृशन् पश्यति) उस ज्ञान को स्पर्श करता हुआ अनुभव करता है ॥५॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(शार्दूलविक्रीडित) २५२

प्रत्यक्षालिखितस्फुटस्थिरपरद्रव्यास्तितावंचितः
स्वद्रव्यानवलोकनेनपरितःशून्यःपशुर्नश्यति
स्वद्रव्यास्तितयानिरूप्यनिपुणंसद्यःसमुन्मज्जता
स्याद्वादीतुविशुद्धबोधमहसा पूर्णोभवन्जीवति

अन्वयार्थ—(पशुः) अज्ञानी सर्वथा एकान्तवादी (प्रत्यक्षालिखित-स्फुटस्थिरपरद्रव्यास्तितावंचितः) प्रत्यक्ष प्रमाण से चित्रलिखित स्पष्ट और निश्चल पर द्रव्य के अस्तित्व से ठगाया गया (स्वद्रव्यानव-लोकनेन) अपने आत्मद्रव्य के अस्तित्व को नहीं देखने से (परितः) परिपूर्णरूप से (शून्यः) शून्य होता हुआ (नश्यति) नाश को प्राप्त होता है (स्याद्वादीतु) स्याद्वादीतो (स्वद्रव्यास्तितया) [अपने आत्म द्रव्य के अस्तित्व से (निपुणं) भलीभाँति (निरूप्य) आत्मद्रव्य को देखकर (सद्यः) उसी समय ही (समुन्मज्जता) प्रगट हो रहे (विशुद्ध बोधमहसा) निर्मलज्ञानरूप तेज से (पूर्णोभवन् जीवति) परिपूर्ण होता हुआ जीवित रहता है अर्थात् नाश को प्राप्त नहीं होता ॥६॥

(शार्दूलविक्रीडित) २५३

सर्वद्रव्यमयं प्रपद्य पुरुषं दुर्वासनावासितः।
स्वद्रव्यभ्रमतःपशुःकिलपरद्रव्येषुविश्राम्यति
स्याद्वादीतुसमस्तवस्तुषु परद्रव्यात्मनानास्तितां
जानन्निर्मलशुद्धबोधमहिमास्वद्रव्यमेवाश्रयेत् ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(पशुः) अज्ञानी सर्वथा एकान्तवादी (पुरुषं) आत्मा को (सर्वं द्रव्यमयं प्रपद्य) सम्पूर्ण द्रव्यमय स्वीकार कर (दुर्वासनावासितः) दुर्नय की वासना से वासित होता हुआ (स्वद्रव्यभ्रमतः) अपने आत्मद्रव्य के भ्रम से (परद्रव्येषुकिल विश्राम्यति) पर द्रव्यों में प्रगटरूप से विश्राम करता है अर्थात् पर में ही आत्मत्व को मानता है (स्याद्वादीतु समस्त वस्तुषु) स्याद्वादी तो समस्त पदार्थों में (परद्रव्यात्मना) परद्रव्यरूप से आत्मद्रव्य की (नास्तितां जानन्) नास्तिता को अर्थात् अभाव को जानता हुआ (निर्मलशुद्धबोधमहिमा) निर्मल शुद्ध ज्ञान की है महिमा जिसमें ऐसे (स्वद्रव्यं आश्रयेत्) निज द्रव्य का ही आश्रय लेता है ॥७॥

(शार्दूलविक्रीडित) २५४

भिन्नक्षेत्रनिषण्णबोध्यनियतव्यापारनिष्ठः सदा
सीदत्येव बहिःपतन्तमभितः पश्यन्पुमांसं पशुः
स्वक्षेत्रास्तितया निरुद्धरभसः स्याद्वादवेदीपुन-
स्तिष्ठत्यात्मनिखातबोध्यनियतव्यापारशक्तिर्भवन्

अन्वयार्थ—(पशुः) अज्ञानी सर्वथा एकान्तवादी (भिन्नक्षेत्रनिषण्णबोधनियतव्यापारनिष्ठः) भिन्न क्षेत्र में स्थित ज्ञेय पदार्थों के निश्चित ज्ञेय ज्ञायिक संबन्धरूप व्यापार में स्थित होता हुआ (बहिः) बाह्य पदार्थों में (अभितः) समग्ररूप से (पतन्तं) गिरने वाले (पुमांसं) आत्मा को (पश्यन्) देखता हुआ (सदैव) हमेशा ही (सीदति) दुखी होता है (पुनः स्याद्वादवेदी) किन्तु स्याद्वाद का जानने वाला (स्वक्षेत्रास्तितया) अपने क्षेत्र में अपने अस्तित्व के द्वार (निरुद्धरभसः) अपने वेग को रोकने से (आत्मनिखातबोध्यनियतव्यापारशक्तिः) अपने क्षेत्र में ही ज्ञेयपदार्थों के निश्चित ज्ञेय

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ज्ञायिक सम्बन्धरूप व्यापाररूप शक्ति वाला (भवन् तिष्ठति) होता हुआ स्थित रहता है ॥ ८ ॥

(शार्दूलविक्रीडित) २५५

स्वक्षेत्रस्थितये पृथग्विधिपरक्षेत्रस्थितार्थोज्झना
त्तुच्छीभूयपशुःप्रणश्यतिचिदाकारात्सहार्थैर्वसन्
स्याद्वादी तु वसनस्वधामनिपरक्षेत्रेविदन्नास्तितां
त्यक्तार्थोऽपि न तुच्छतामनुभवत्याकारकर्षीपरान्

अन्वयार्थ—(पशुः) अज्ञानी सर्वथा एकान्तवादी (स्वक्षेत्रस्थितये पृथग्विधिपरक्षेत्रस्थितार्थोज्झनात्) अपने क्षेत्र में स्थित होने के लिये भिन्न भिन्न विधान वाले पर क्षेत्रों में स्थित रहने वाले पदार्थों को छोड़ने से (तुच्छीभूय) तुच्छ होकर (चिदाकारान्) चैतन्यरूप पदार्थों के आकारों को (अर्थैःसह वमन्) पर पदार्थों के साथ वमन करता हुआ अर्थात् छोड़ता हुआ (प्रणश्यति) नाश को प्राप्त होता है (स्याद्वादीतु) स्याद्वादी तो (स्वधामिनि वसन्) अपने क्षेत्र में निवास करता हुआ (परक्षेत्रे नास्तितां विदन्) पर पदार्थ के क्षेत्र में अपने आत्म द्रव्य के अभाव को जानता हुआ (त्यक्तार्थाःअपि) पर पदार्थों को छोड़ता हुआ भी (परान्अकारकर्षी) पर पदार्थों के आकारों को खींचता हुआ (तुच्छतां न अनुभवति) तुच्छता का अनुभव नहीं करता है ॥ ९ ॥

(शार्दूलविक्रीडित) २५६

पूर्वालम्बितबोध्यनाशसमये ज्ञानस्य नाशं विदन्
सीदत्येव न किंचनापि कलयन्नत्यन्ततुच्छःपशुः

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अस्तित्वंनिजकालतोऽस्यकलयन्स्याद्वादवेदीपुनः
पूर्णस्तिष्ठतिवाह्यवस्तुषु मुहुर्भूत्वाविनश्यत्स्वपि

अन्वयार्थ—(पशुः) अज्ञानी सर्वथा एकान्तवादी (पूर्वालम्बित बोध्यनाशसमये) पूर्व समय में आलम्बन को प्राप्त हुए पदार्थों के नाश के समय में (ज्ञानस्य नाशं विदन्) ज्ञान के नाश को जानता हुआ (किंचनापि न कलयन्) और कुछ भी नहीं जानता हुआ (अत्यन्त तुच्छः सन्) अत्यन्त तुच्छ होता हुआ (सीदति एव) दुखी ही होता है (पुनःस्याद्वादवेदी) किन्तु स्याद्वाद को जानने वाला (निजकालतः) अपने समय से (अस्य अस्तित्वं कलयन्) इस आत्मा के अस्तित्व को जानता हुआ (वाह्यवस्तुषु) वाह्य पदार्थों में (मुहुर्भूत्वा) वार वार उत्पन्न होकर (विनश्यत्स्वपि) नाश को प्राप्त होने पर भी (पूर्णःतिष्ठति) परिपूर्ण रूप से स्थित रहता है ॥ १० ॥

(शार्दूलविक्रीडित) २५७

अर्थालम्वनकाल एव कलयन् ज्ञानस्यसत्वं वहि
र्ज्ञेयालम्बनलालसेन मनसा भ्राम्यन्पशुर्नश्यति
नास्तित्वंपरकालतोऽस्य कलयन्स्याद्वादवेदीपुन
स्तिष्ठत्यात्मनिखातनित्यसहजज्ञानैकपुंजीभवन्

अन्वयार्थ—(पशुः) अज्ञानी सर्वथा एकान्तवादी (अर्थालम्बन काले) पदार्थों के आलम्बन के समय में (एव) ही (ज्ञानस्य सत्वं-कलयन्) ज्ञान के सद्भाव को जानता हुआ (वहिर्ज्ञेयालम्बनलाल-सेनमनसा) वाह्यपदार्थों के आलम्बन में अनुरागी चित्त से (भ्राम्यन् नश्यति) भ्रमण करता हुआ नाश को प्राप्त होता है (पुनःस्याद्वाद-

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

वेदी) किन्तु स्याद्वाद को जानने वाला (परकालतः) पर द्रव्य के समय में (अस्य नास्तित्वं कलयन्) अपने आत्म द्रव्य के अस्तित्वाभाव को जानता हुआ (स्वातनित्यसहजज्ञानैकपुंजीभवन्) अपने में स्थित नित्य अविनाशी स्वाभाविक ज्ञान का एक पुंज होता हुआ (आत्मनि तिष्ठति) अपने में ही स्थित रहता है ॥ ११ ॥

(शार्दूलविक्रीडित) २५८

विश्रान्तःपरभावभावकलनान्नित्यंवहिर्वस्तुषु ।
नश्यत्येवपशुःस्वभावमहिन्येकान्तनिश्चेतनः ॥
सर्वस्मान्नियतस्वभावमभवन् ज्ञानाद्विभक्तोभवन्
स्याद्वादीतु न नाशमेति सहजस्पष्टीकृतप्रत्ययः १२

अन्वयार्थ—(पशुः) अज्ञानी सर्वथा एकान्तवादी (परभावभाव कलनात्) पर पदार्थों के भावों में निज अनुभव के ज्ञान से (नित्यं) निरंतर (वहिर्वस्तुषु) वाह्य वस्तुओं में (विश्रान्तः) विश्राम करता हुआ (स्वभावमहिमनि) निज भावकी महिमा में (एकान्तनिश्चेतनः) एकान्त रूप से जड होता हुआ (नश्यतिएव) नाश को ही प्राप्त करता है (स्याद्वादीतु) स्याद्वादी तो (सर्वस्मात) सभी पदार्थों में (नियत-स्वभावमभवन् ज्ञानात्) निश्चित अपने अपने भावों के उत्पन्न होने रूप ज्ञान से (विभक्तः भवन्) प्रथक होता हुआ (सहजस्पष्टीकृत-प्रत्ययः) स्वाभाविक प्रत्यक्ष किये गये ज्ञान रूप होने से (नाशं) नाश को (न एति) प्राप्त नही होता ॥ १२ ॥

(शार्दूलविक्रीडित) २५९

अध्यास्यात्मनिसर्वभावभवनंशुद्धस्वभावच्युतः
सर्वत्राप्यनिवारितोगतभयःस्वैरंपशुःक्रीडति

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्याद्वादीतुविशुद्धएवलसति स्वस्य स्वभावंभरा-
दारूढःपरभावभावविरहव्यालोकनिष्कंपितः ।१३

अन्वयार्थ - (पशुः) अज्ञानी सर्वथा एकान्तवादी (सर्वभावभवनं) समस्त पर पदार्थों के भावों की उत्पत्ति का (आत्मनि) अपने आत्म द्रव्य में (अध्यास्य) निश्चयकर (शुद्धस्वभावच्युतः) अपने आत्मा के शुद्ध स्वभाव से च्युत हुआ (सर्वात्रापि) सभी अन्य पदार्थों में (अनिवारितः) बेरुकावट (गतभयः) निर्भय हो (स्वैरं) इच्छानु-सार (क्रीडति) क्रीड़ा करता है (स्याद्वादी तु स्वस्य स्वभावं भरात्) स्याद्वादी तो अपने स्वभाव के भार से (आरूढ़ः) स्थित हुआ (पर-भावभावविरहव्यालोकनिष्कम्पितः) पर पदार्थों के भावों का अपने भावों में अभाव को देखने से निश्चल हुआ (विशुद्धः एव लसति) विशुद्धरूप से ही शोभित होता है ॥ १३ ॥

(शार्दूलविक्रीडित) २६०

प्रादुर्भावविराममुद्रितवहद् ज्ञानांशनानात्मना
निर्ज्ञानात्क्षणभंगसंगपतितःप्रायःपशुर्नश्यति
स्याद्वादीतुचिदात्मनापरिमृशंश्चिद्वस्तुनित्योदितं
टंकोत्कीर्णघनस्वभावमहिमज्ञानंभवन्जीवति ।१४

अन्वयार्थ--(पशुः) अज्ञानी सर्वथा एकान्तवादी (प्रादुर्भाव--विरामसमुद्रितवहद् ज्ञानांशनानात्मना निर्ज्ञानात्) उत्पत्ति और विनाशरूप मुद्रा के धारक ज्ञान के अंशों से नाना रूपता के निश्चयात्मक ज्ञान से (क्षणभंगसंगपतितः) क्षण नश्वर संबन्ध में पड़ा हुआ (प्रायः नश्यति) प्रायः करके नाश को प्राप्त होता है (स्याद्वादी तु)

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्याद्वादी तो (चिदात्मनानित्योदितं) चैतन्यरूप से नित्य उदयरूप (चिद्वस्तु परिमृशन्) चैतन्यात्मक आत्म द्रव्य का निश्चय करता हुआ (टंकोत्कीर्णघनस्वभावमहिमज्ञानं) टंकोत्कीर्ण घन स्वभावमहिमा स्वरूप ज्ञानरूप (भवन् जीवति) होता हुआ जीवित रहता है ॥ १४ ॥

(शार्दूलविक्रीडित) २६१

टंकोत्कीर्णविशुद्धबोधविसराकारात्मतत्त्वाशया
वांछत्युच्छलदच्छचित्परिणतेर्भिन्नंपशुःकिंचन
ज्ञानंनित्यमनित्यतापरिगमेऽप्यासादयत्युज्वलं
स्याद्वादीतदनित्यतांपरिमृशंश्चिद्वस्तुवृत्तिक्रमात्१५

अन्वयार्थ—(पशुः) अज्ञानी सर्वथा एकान्तवादी (टंकोत्कीर्ण विशुद्धबोधविसराकारात्मतत्त्वाशया) टंकोत्कीर्ण निर्मल ज्ञान के फैलाव रूप आकार स्वरूप आत्म तत्त्व की आशा से (उच्छलदच्छचित्परिणतेः) उछलती हुई स्वच्छ चैतन्य की परिणति से (भिन्नं किंचन) भिन्न किसी इष्ट आत्म द्रव्य को (वाञ्छति) चाहता है (स्याद्वादीतु) स्याद्वादी तो (नित्यं ज्ञानं अनित्यता परिगमे अपि) नित्य ज्ञान के अनित्यता को प्राप्त होने पर भी (चिद्वस्तुवृत्तिक्रमात्) चैतन्य द्रव्य की प्रवृत्ति के क्रम से (तद् अनित्यतां) उस ज्ञान की अनित्यता को (परिमृशन्) निश्चय करता हुआ (उज्वलं आसादयति) निर्मल ज्ञान को ही स्वीकार करता है ॥१५॥

(अनुष्टुप) २६२

इत्यज्ञानविमूढानां ज्ञानमात्रं प्रसादयन् ।
आत्मतत्त्वमनेकान्तः स्वयमेवानुभूयते ॥१६॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(इति) इस प्रकार (अज्ञानविमूढ़ानां) अज्ञान से व्यामोह को प्राप्त हुए प्राणियों के (आत्मतत्त्वं) आत्म तत्व को (ज्ञानमात्रं) ज्ञान स्वरूप (प्रसादयन्) साधता हुआ (अनेकान्तः) अनेकान्त सिद्धान्त (स्वयमेव) स्वयं ही (अनुभूयते) अनुभव में आता है ॥१६॥

(अनुष्टुप) २६३

एवंतत्वव्यवस्थित्या स्वंव्यवस्थापयन्स्वयम् ।
अलंघ्यंशासनं जैनमनेकान्तो व्यवस्थितः ॥१७

अन्वयार्थ—(एवं तत्त्वव्यवस्थित्या) इस प्रकार वस्तु के यथार्थ स्वरूप की व्यवस्था से (स्वयमेव) स्वयमेव (स्वं) आत्म स्वरूप को (व्यवस्थापयन्) स्थापन करता हुआ (अलंघ्यं) उल्लंघन के अयोग (जैनं शासनं) जैन शासन (अनेकान्तः व्यवस्थितः) अनेकान्त रूप से स्थित हुआ ॥१७॥

(वसंततिलका) २६४

इत्याद्यनेकनिजशक्तिसुनिर्भरोऽपि—
यो ज्ञानमात्रमयतां न जहाति भावः
एवं क्रमाक्रमविवर्तिविवर्तचित्रं—
तद्द्रव्यपर्ययमयं चिदिहास्ति वस्तु ॥१८॥

अन्वयार्थ—(इत्याद्यनेकनिजशक्तिसुनिर्भरोपि) इस प्रकार पूर्वोक्त अपनी शक्तियों की निर्मलता के समूह से भरपूर (यः) जो (भावः) भाव (ज्ञानमात्रमयतां) ज्ञान मात्र स्वरूपता को

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(न जहाति) नहीं छोड़ता है (एवं क्रमाक्रमविवर्तिविवर्तचित्रं) इस प्रकार क्रम और अक्रम से होने वाले परिणामों से विचित्र (द्रव्यपर्यय मयं) द्रव्य और पर्याय स्वरूप (चित्) चैतन्यात्मक (तत्) वह ज्ञान मय (वस्तु) वस्तु (इह अस्ति) इस लोक में है ॥१८॥

(वसंततिलका) २६५

नैकान्तसंगतदृशा स्वयमेव वस्तु
तत्त्वव्यवस्थितिमिति प्रविलोकयन्तः
स्याद्वादशुद्धिमधिकामधिगम्य सन्तो ।
ज्ञानी भवन्ति जिननीतिमलंघयन्तः ॥१६॥

अन्वयार्थ—(स्वयमेव) वह वस्तु स्वयमेव ही (नैकान्तसंगतदृशा) अनेकान्त रूप से प्राप्त हुई दृष्टि के द्वारा (इति) इस प्रकार (वस्तुतत्त्वव्यवस्थितिं) वस्तु तत्त्व की व्यवस्था को (प्रविलोकयन्तः) देखने वाले (सन्तः) सज्जन (अधिकां) अधिक (स्याद्वाद शुद्धिं) स्याद्वाद की शुद्धि को (अधिगम्य) जानकर (जिननीतिं) जिननेन्द्रदेव के अनेकान्त सिद्धान्त को (अलंघयन्तः) उल्लंघन नहीं करते हुए (ज्ञानी भवन्ति) ज्ञानी होते हैं ॥१६॥

(वसंततिलका) २६६

ये ज्ञानमात्रनिजभावमयीमकम्पां ।
भूमिं श्रयन्ति कथमप्यपनीत मोहाः ॥
ते साधकत्वमधिगम्य भवन्ति सिद्धाः ।
मूढ़ास्त्वमूमनुपलभ्य परिभ्रमन्ति ॥ २० ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(अपनीतमोहाः) मोह रहित (ये) जो पुरुष (ज्ञानमात्रनिजभावमयीं) ज्ञान स्वरूप निज स्वभाव वाली (अकम्पां) अविचल (भूमिं) भूमि को (कथमपि) किसी भी प्रकार से (श्रयन्ति) आश्रय करते हैं (ते) वे पुरुष (साधकत्वम् अधिगम्य) साधकपने को स्वीकार कर (सिद्धाः भवन्ति) सिद्ध होते हैं (मूढ़ास्तु) अज्ञानी मिथ्यादृष्टि तो (अमूम्) इस भूमि को (अनुपलभ्य) विना प्राप्त किये ही (परिभ्रमन्ति) परिभ्रमण करते हैं ॥२०॥

(वसंततिलका) २६७

स्याद्वादकौशलसुनिश्चलसंयमाभ्यां ।
यो भावयत्यहरहः स्वमिहोपयुक्तः ॥
ज्ञानक्रियानयपरस्परतीव्रमैत्री—
पात्रीकृतः श्रयति भूमिमिमां स एकः ॥२१॥

अन्वयार्थ—(यः) जो पुरुष (इह) निज आत्म द्रव्य में (उपयुक्तः) लगा हुआ (अहरहः) प्रति समय (स्याद्वादकौशल सुनिश्चलसँयमाभ्यां) स्याद्वाद की कुशलता और निश्चल चारित्र से (स्वं) अपने आत्मा को (भावयति) अनुभव करता है (स एकः) वह एक (ज्ञानक्रियानयपरस्परतीव्रमैत्रीपात्रीकृतः) ज्ञान रूप नय और क्रिया नयों में एक दूसरे की बड़ी मित्रता के योग्य की गई (इमां) इस निज भाव रूप (भूमिं) भूमि का (श्रयति) आश्रय करता है ॥२१॥

(वसंततिलका) २६८

चित्पिण्डचण्डिमविलासिविकासहासः
शुद्धः प्रकाशभरनिर्भरसुप्रभातः ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

आनन्दसुस्थितसदास्खलितैकरूप—
स्तस्यैव चायमुदयत्यचलार्चिरात्मा ॥२२॥

अन्वयार्थ—(तस्यैव) उस पुरुष के ही । चित्पिण्डचण्डिमविलासिविकासहासः) चैतन्य के पिंड का प्रचण्ड है विलास जिसमें ऐसे विकाश रूप हास वाला (शुद्धः प्रकाशभरनिर्भर सुप्रभातः) शुद्ध प्रकाश के भार से भरे हुए उत्तम प्रातःकाल के तुल्य (आनन्दसुस्थितसदास्खलितैकरूपः) आनन्द से भलीभांति स्थित निरन्तर निश्चल एक रूप वाला (अयं अचलार्चिः) यह निश्चल तेज पुंज वाला (आत्मा उदयति) आत्मा उदय को प्राप्त होता है ॥२२॥

(वसंततिलका) २६६

स्याद्वाददीपितलसन्महसि प्रकाशे ।
शुद्धस्वभावमहिमन्युदिते मयीति ॥
किं बंधमोक्षपथपातिभिरन्यभावै ।
र्नित्योदयः परमयं स्फुरतु स्वभावः ॥२३॥

अन्वयार्थ—(स्याद्वाददीपितलसन्महसि) स्याद्वाद के प्रकाश से शोभित हो रहा है तेज जिसमें (शुद्धस्वभावमहिमनि) शुद्ध स्वभाव की है महिमा जिसमें ऐसे (इति) इस प्रकार का (प्रकाशे) प्रकाश (मयि) मेरे में (उदिते) उदय होने पर (बंधमोक्षपथपातिभिः) बंध और मोक्ष मार्ग से गिराने वाले (अन्यभावैः किं) परभावों से क्या प्रयोजन है (नित्योदयः) निरन्तर उदय रूप (अयं) यह (स्वभावः) स्वभाव (परं) सर्वोत्कृष्ट रूप से (स्फुरतु) स्फुरायमान रहे ॥२३॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

(वसंततिलका) २७०

चित्रात्मशक्तिसमुदायमयोऽयमात्मा ।
सद्यः प्रणश्यति नयेक्षणखण्ड्यमानः ॥
तस्मादखण्डमनिराकृतखण्डमेक—
मेकान्तशान्तमचलं चिदहं महोऽस्मि ॥२४॥

अन्वयार्थ—(चित्रात्मशक्तिसमुदामयः) नाना प्रकार की निज शक्तियों का समुदाय रूप (नयेक्ष॰ खँडमानः) नयों की दृष्टि से खंड रूप भिन्न हुआ (अयं आत्मा) यह आत्मा (सद्यः प्रणश्यति) तत्काल नाश को प्राप्त होता है यह पर्याय दृष्टि है (तस्मात्) इसलिये (अहं अनिराकृतखंडं) मैं नहीं खंडित हुए हैं खंड जिसके ऐसा (अखंडं एकं) अखंड एक (एकान्तशान्तम्) एकान्त रूप से शान्त और (अचलंचित् महोस्मिः) अचल चैतन्य रूप तेज वाला हूँ ॥२४॥

(शालिनी) २७१

योऽयं भावो ज्ञानमात्रोऽहमस्मि
ज्ञेयो ज्ञेय ज्ञानमात्रः स नैव ।
ज्ञेयो ज्ञेयज्ञानकल्लोलवल्गद्—
ज्ञानज्ञेयज्ञातृवद्वस्तुमात्रः ॥२५॥

अन्वयार्थ—(यः अयं ज्ञानमात्रः भावः) जो यह ज्ञानरूपभाव है (सः) वही (अहं अस्मि) मैं हूँ (ज्ञेयः) आत्मा से भिन्न पदार्थ (ज्ञेयः) ज्ञेय हैं लेकिन (सः) वह ज्ञेय (ज्ञानमात्रः नैव) ज्ञान

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

स्वरूप नहीं है किन्तु (ज्ञेयज्ञानकल्लोलवल्गत्) ज्ञेय पदार्थों के आकारों की ज्ञानरूप तरङ्गों से उछलता हुआ (ज्ञानज्ञेय ज्ञातृमत्) ज्ञान ज्ञेय और ज्ञाता रूप (वस्तुमात्रः) वस्तु मात्र (ज्ञेयः) ज्ञेय है ॥ २५ ॥

(पृथ्वी) २७२

क्वचिल्लसति मेचकं क्वचिदमेचकामेचकः ।
क्वचित्पुनरमेचकं सहजमेव तत्त्वं मम ॥
तथापि न विमोहयत्यमलमेधसां तन्मनः ।
परस्परसुसंहतप्रकटशक्तिचक्रं स्फुरत् ॥२६॥

अन्वयार्थ—(मम तत्त्वं क्वचित् मेचकं लसति) मेरा आत्मतत्त्व कहीं अनेकाकार मालूम होता है और (क्वचित् मेचकामेचकं) कहीं अनेकाकार और कहीं एकाकार मालूम होता है (पुनः क्वचित् अमेचकं) और कहीं पर एकाकार मालूम होता है किन्तु वह (सहजं एव) स्वभावरूप ही है (तथापि तत् अमलमेधसां) तो भी वह निर्मल बुद्धिमानों के (मनः न विमोहयति) चित्तको विमुग्ध नहीं करता (परस्परसुसंहतप्रकटशक्तिचक्रं) क्योंकि वह परस्पर की अच्छी तरह से मिलती हुई प्रगट रूप शक्तियों का समुदायमय (स्फुरत) स्फुरायमान रहता है ॥ २६ ॥

(पृथ्वी) २७३

इतोगतमनेकतां दधदितः सदाप्येकता—
मितः क्षणविभंगुरं ध्रुवमितः सदैवोदयात् ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

इतः परमविस्तृतं धृतमितः प्रदेशैर्निजै ।
रहो सहजमात्मनस्तदिदमद्भुतं वैभवम् ॥२७॥

अन्वयार्द—(इतः) एक तरफ (अनेकतां) अनेकपने को (गतं) प्राप्त हुआ (इतः) एकतरफ (सदापि) निरंतर (एकतां) एकताको (दधत्) धारण करता हुआ (इतः) एकतरफ (क्षणविभंगुरं) क्षणभंगुर (इतः) एकतरफ (सदैव) निरंतर ही (उदयात्) उदय से (ध्रुवं) ध्रुव (इतः) एक तरफ (परमविस्तृतं) परम विस्ताररूप (इतः) एक तरफ (निजैःप्रदेशैः धृतं) अपने प्रदेशों से धारण किया गया (आत्मनः तत् इदं सहजं) आत्मा का वह, यह स्वाभाविक (अद्भुतं वैभवं) विचित्र वैभव है (अहो) यह बड़े आश्चर्य की बात है ॥ २७ ॥

(पृथ्वी) २७४

कषायकलिरेकतः स्खलतिशांतिरस्त्येकतो ।
भवोपहतिरेकतः स्पृशतिमुक्तिरप्येकतः ॥
जगत्त्रितयमेकतः स्फुरतिचिच्चकास्त्येकतः ।
स्वभावमहिमात्मनो विजयतेऽद्भुताद्भुतः ।२८।

अन्वयार्थ—(एकतः) एक तरफ (कषायकलिः) कषायों की पीड़ा (स्खलति) है (एकतः शान्तिः अस्ति) एक तरफ शान्ति अर्थात् कषायों का अभाव है (एकतः भवोपहतिः) एक तरफ संसार की पीड़ा है (एकतः मुक्तिः अपि स्पृशति) एक तरफ मुक्ति भी स्पर्श करती है (एकतः जगत्त्रितयं स्फुरति) एक तरफ तीनों जगत् स्फुरायमान है (एकतः चित् चकास्ति) एक तरफ चैतन्य ही शोभित

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

है इस तरह (आत्मनः अद्भुतात् अद्भुतः) आत्मा की अद्भुत से अद्भुत (स्वभावमहिमा विजयते) स्वभाव की महिमा विजय को प्राप्त हो ॥ २८ ॥

(मालिनी) २७५

जयति सहजतेजः पुंजमज्जत्त्रिलोकी ।
स्खलदखिलविकल्पोऽप्येक एवस्वरूपः ॥
स्वरसविसरपूर्णाच्छिन्नतत्वोपलम्भः ।
प्रसभनियमितार्च्चिश्चिच्चमत्कार एषः ॥२६॥

अन्वयार्थ—(सहजतेजः पुंजमज्जत्त्रिलोकीस्खलदखिल विकल्पः) स्वाभाविक प्रकाश समुदाय में प्रतिबिम्बित तीन लोक के पदार्थों के स्फुरायमान हैं समस्त विकल्प जिसमें ऐसा होता हुआ भी (एक स्वरूपः एव) एक स्वरूप ही है (स्वरसविसरपूर्णाच्छिन्नतत्वोपलम्भः) आत्मिक रस के विस्तार से परिपूर्ण व्यच्छेद—अर्थात् नूनता रहित तत्वों की है प्राप्ति जिसमें और (प्रसभनियमितार्च्चि] स्पष्ट रूप निश्चित है तेज जिसका ऐसा (एषः चिच्चमत्कारः जयति) यह चैतन्य का चमत्कार जयशील हो ॥ २६ ॥

(मालिनी) २७६

अविचलितचिदात्मन्यात्मनात्मानमात्म—
न्यनवरतनिमग्नं धारयद्ध्वस्तमोहम् ॥
उदितममृतचन्द्रज्योतिरेतत्समन्ता—
ज्ज्वलतु विमलपूर्णनिःसपत्नस्वभावं ॥३०॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

अन्वयार्थ—(अविचलितचिदात्मनि) निश्चल चैतन्य स्वरूप आत्मा में (आत्मना) अपने द्वारा (अनवरतनिमग्नं) निरंतर-लीन (आत्मानं) अपने को (धारयत्) धारण करता हुआ (ध्वस्तमोहं) अंधकार का नाशक (निःसपत्नस्वभावं) कर्मरूप वैरियों से शून्य है स्वभाव जिसका (विमलपूर्णं) निर्मल और परिपूर्ण (उदितं) उदय को प्राप्त हुआ (एतत्) यह (अमृतचन्द्रज्योतिः) अमृत रूप चन्द्रमा के समान प्रकाश (समंतात् ज्वलतु) सब तरफ प्रकाशमान रहे ॥ ३० ॥

(शार्दूलविक्रीडित) २७७

यस्माद्द्वैतमभूत्पुरा स्वपरयोर्भूतं यतोऽत्रान्तरं
रागद्वेषपरिग्रहे सति यतो जातं क्रियाकारकैः
भुंजाना च यतोनुभूतिरखिलंखिन्नाक्रियायाःफलं
तद्विज्ञानघनौघमग्नमधुनाकिंचिन्नकिंचित्किल ॥

अन्वयार्थ—(यस्मात् पुरा स्वपरयोः द्वैतं अभूत्) जिस अज्ञान से पूर्व समय में अर्थात् अनादि से स्वयं कहिये अपनी और पर की द्वैतरूप एकता हुई (यतः अत्र अन्तरं भूतं) जिस द्वैत से इस आत्मा में अन्तर्भूत हुआ (यतः) और जिस अन्तर से (रागद्वेषपरिग्रहे सति क्रियाकारकैः) रागद्वेषरूप परिग्रह के होने पर क्रिया और कारक (जातं) हुए (यतः) जिस क्रियाकारक से (क्रियायाः अखिलं फलं भुंजानाः अनुभूतिः) क्रिया के समस्त फल को भोक्ती हुई स्वानुभूति (खिन्ना) विकार को प्राप्त हुई (तत अधुना-विज्ञानघनौघमग्नं) वह अज्ञान इस समय विज्ञान घन समुदाय में

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

लीन हुआ (किल किंचित् किंचित् न) निश्चय से कुछ भी मालूम नहीं होता ॥ ३१ ॥

(उपजाति) २७८

स्वशक्तिसंसूचितवस्तुतत्वै—
 व्याख्याकृतेयं समयस्यशब्दैः ॥
स्वरूपगुप्तस्य न किंचिदस्ति
 कर्तव्यमेवामृतचन्द्रसूरेः ॥३२॥

अन्वयार्थ –(स्वशक्तिसंसूचितवस्तुतत्वैः) अपनी शक्ति से प्रगट कर दिया है समस्त वस्तु के स्वरूप को जिन्होंने ऐसे (शब्दैः) शब्दों से (समयस्य) आत्मा और समयसार नामा शास्त्र की (इयं) यह (व्याख्या कृता) व्याख्या की गई है (स्वरूपगुप्तस्य) आत्मस्वरूप में लीन (मम) मुझ (अमृतचन्द्रसूरेः) अमृत चन्द्र आचार्य का (किंचित् कर्तव्यमेव न अस्ति) कुछ भी कर्तव्य नहीं है ॥ ३२ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

ब्रह्मचारी ज्ञानानन्दजी कृत

अति पुण्य उदय मम आया, प्रभु तुमरा दर्शन पाया।
अब तक तुमको बिन जाने, दुख पाये निज गुण हाने ॥
पाये अनन्ते दुख अबतक, जगत को निज जानकर ॥
सर्वज्ञ भाषित जगत हितकर, कर्म नहिं पहिचानकर।
भव बंध कारक सुख प्रहारक, विषय में सुख मानकर ॥
निज पर विवेचन ज्ञानमय सुखनिधि सुधा नहिं पानकर ॥१॥

तव पद मम उर में आये, लखि कुमति विमोह पलाये।
निज ज्ञानकला उर जागी. रुचि पूर्ण स्वहित में लागी ॥
रुचि लगी हित में आत्म के, सत संग में अब मन लगा।
मनमें हुई अब भावना, तव भक्ति में जाऊँ रंगा ॥
प्रिय वचन की हो टेव गुण गणि. गान में ही चित पगै।
शुभ शास्त्र का नित हो मनन, मन दोष वादन में भगै ॥२॥

अब समता उर में लाकर, द्वादश अनुप्रेक्षा भाकर।
ममता मय भूत भगाकर, मुनिव्रत धारूँ बन जाकर ॥
धर कर दिगंबर रूप कब, अठवीस गुण पालन करूँ।
दोबीस परिषह सह सदा, शुभ धर्म दश धारण करूँ ॥
तप तपूं द्वादश विधि सुखद तिन, बंध आश्रव परिहरूँ।
अरु रोक नूतन कर्म संचित, कर्म रिपु को निर्जरूँ ॥३॥

कब धन्य सुअवसर पाऊँ, तव निज में ही रम जाऊँ।
कर्तादिक भेद मिटाऊं, रागादिक दूर भगाऊँ ॥
कर दूर रागादिक निरन्तर, आत्म को निर्मल करूँ।
बल ज्ञान दर्शन सुख अतुल लहि, चारित्र क्षायिक आचरूँ ॥
आनन्द कन्द जिनेन्द्र बन, उपदेश को नित उच्चरूँ।
आवै अमर कब सुखद दिन, 'जब' दुस्तर भवसागर तिरूँ ॥

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi

CC0.In Public Domain. Digitized by Sarayu Trust/eGangotri

मुद्रक—
त्यागी फाइन आर्ट प्रेस
कटरा खुशहालराय दिल्ली

Ganesh Varni Digambar Jain Institute, Naria, Varanasi